कोटद्वार, बुधवार
4 दिसम्बर 2024
वर्ष: 46
अंक: 209 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

सगाई के बाद युवती से दुष्कर्म, युवक उसके परिजन नामजद

हरिद्वार। सगाई के बाद युवती से दुष्कर्म कर निकाह से इंकार करने पर ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक युवती ने कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि पिछले साल जून में उसकी सगाई साहिल पुत्र छोटा के साथ हुई थी। उस वक्त उसके परिजन ने सगाई में करीब डेढ़ लाख की रकम दी थी। सगाई के बाद दोनों परिवारों का एक दूसरे के घर आना–जाना शुरू हो गया था। उसका मंगेतर भी अक्सर उसके घर आया जाया करता था। आरोप है कि अप्रैल 2024 में रात के वक्त उसका मंगेतर उसके कमरे में आ गया। सोने के लिए वह कमरे में पहुंची तो मंगेतर को देखकर दंग रह गई। आरोप है कि उसके मंगेतर ने वहां से जाने से इंकार कर दिया। उसके धमकी दी कि उसके साथ शारीरिंग संबंध नहीं बनाने पर सगाई तोड़ दी जाएगी।

गंगा में डूबने से होटल कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

ऋषिकेश। रायवाला के हरिपुरकलां में दोस्तों के साथ गंगा में नहाने गए होटल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। उसके दोस्तों की सूचना पर हरिपुरकलां चौकी पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान चलाया, देर शाम उसका शव गंगा में 25 फीट गहराई से बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक, मंगलवार शाम करीब चार बजे 22 वर्षीय जितेंद्र निवासी कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल अपने चार दोस्तों के साथ हरिपुरकलां में गीता कुटीर स्थित बेरी के जंगल में गया था। इसी दौरान जितेंद्र गंगा में नहाने उतर गया। जहां कुछ देर बाद वह बह गया। उसके दोस्तों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने तलाशी अभियान चलाया। देर शाम उसका शव गंगा में 25 फीट गहराई से बरामद किया गया। निरीक्षक कविंद्र सजवाण ने बताया कि शव को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं, चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने बताया कि जितेंद्र हरिपुर क्षेत्र में ही एक होटल में काम करता था। बताया कि इस बाबत उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है। शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए एम्स ऋषिकेश भेजा जा रहा है।

अलकनंदा नदी में गिरा डंपर, दो लापता

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात को चमधार के पास एक डंपर करीब 200 मीटर खाई में गिरकर अलकनंदा नदी में समा गया। हादसे की खबर पुलिस को सुबह मिली, जब कुछ लोगों ने नदी में डूबे हुए डंपर को देखा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस, जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन अभी तक ट्रक ड्राइवर और हेल्पर का कुछ पता नहीं चल पाया है। उनकी खोजबीन जारी है।

जानकारी के मुताबिक सोमवार देर रात एक डंपर श्रीनगर से डुंगरीपंथ जा रहा था, जो अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। रात होने के कारण किसी को हादसे का पता नहीं चला। सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर नदी में पड़े डंपर पर पड़ी तो उन्होंने तत्काल पुलिस को मामले की सूचना दी। एसडीआरएफ के यूनिट इंचार्ज अजय ने बताया कि उन्हें सुबह करीब 8 बजे हादसे की जानकारी मिली थी। लापता लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। जब तक दोनों लापता युवक नहीं मिलते सर्च ऑपरेशन जारी रहेगा। डंपर में सवार दोनों व्यक्तियों को ढूंढने के लिए गोताखोर भी लगाए गए हैं। (एजेंसी)

ऑनलाइन 150 रुपये कमाकर 6.80 लाख रुपये गंवाए

देहरादून। दून निवासी एक व्यक्ति ने ऑनलाइन 150 रुपये कमाकर 6.80 लाख रुपये गंवा दिए। साइबर ठगों ने पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर उसे झांसे में लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पटेलनगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक कमल कुमार लुंठी ने बताया कि अतुल कुमार कश्यप निवासी नारायण विहार, कारगी रोड ने तहरीर दी कि उन्हें 29 जुलाई को एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया था। उसने खुद को एक कंपनी का एचआर मैनेजर बताया। उसने बताया कि कमल कंपनी में मार्केटिंग पोजेक्ट के लिए पार्ट टाइम जॉब कर सकते हैं।

निर्मला सीतारमण को मिली बड़ी राहत!

–कर्नाटक हाई कोर्ट ने रद्द कर दी चुनावी बॉन्ड मामले की एफआईआर

नईदिल्ली, कर्नाटक हाई कोर्ट ने मंगलवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और पूर्व राज्य बीजेपी अध्यक्ष नलिन कुमार कटीलल के खिलाफ कथित रूप से धन उगाही करने और व्यापारिक संस्थाओं पर चुनावी बांड खरीदने के लिए दबाव डालने के आरोप में दर्ज आपराधिक मामला खारिज कर दिया. मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन भी सह–आरोपी हैं. कर्नाटक हाई कोर्ट ने 20 नवंबर को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था. पूर्व राज्य बीजेपी अध्यक्ष नलीन कुमार कटील की ओर से दायर याचिका में एफआईआर को खारिज करने की मांग की गई थी. जस्टिस एम नागप्रसन्ना ने कटील की याचिका स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया. अदालत ने कहा, याचिका स्वीकार की जाती है. याचिकाकर्ता के कारण कार्यवाही रद्द की जाती है. शहर के एक कार्यकर्ता आदर्श आर अय्यर की शिकायत के आधार पर बेंगलुरु पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी. मामले में

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, बीजेपी पदाधिकारियों और अन्य के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है. वरिष्ठ अधिवक्ता के जी राघवन ने कहा, अदालत ने याचिकाकर्ता कटील के खिलाफ प्राथमिकी रद्द कर दी है. हमने कटील की ओर से याचिका दायर की है. उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण याचिकाकर्ता नहीं थीं. याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि जबरन वसूली का अपराध दर्ज करने के लिए शिकायतकर्ता को पीड़ित होना चाहिए और आरोपी को लाभार्थी होना चाहिए. शिकायत में कहा गया है कि कई कॉरपोरेट और धनकुबेरों को कई करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड खरीदने के लिए मजबूर किया गया, जिन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पार्टी की ओर से भुनाया जाता है. पिछली सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि शिकायत में लगाए गए आरोप जबरन वसूली का एक प्रमुख उदाहरण हैं. जिस व्यक्ति से जबरन वसूली की गई है, उसे भी अपराध से लाभ मिला है. चुनावी बॉन्ड के जरिए बीजेपी को चंदा देने के बाद उसके खिलाफ ईडी और आयकर विभाग की जांच बंद हो गई, जिसके चलते उसने शिकायत दर्ज नहीं कराई. उन्होंने तर्क दिया कि इस संबंध में आम लोगों को ही शिकायत दर्ज करानी चाहिए.

फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में जोरदार ब्लास्ट, 4 कर्मचारियों की मौत

अहमदाबाद,गुजरात के भरूच में मंगलवार को एक फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में जोरदार ब्लास्ट हो गया. जिसमें चार कर्मचारियों की हो गई. जबकि कई लोग घायल भी हुए हैं. जानकारी के मुताबिक, हादसा भरूच के अंकलेश्वर जीआईडीसी क्षेत्र में स्थित एक इंडस्ट्रियल यूनिट के स्टोरेज टैंक में मंगलवार दोपहर को हुआ. ब्लास्ट के बाद पूरी फैक्ट्री को खाली करा दिया गया लेकिन उसमें चार मजदूरों की मौत हो गई. पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी दी है. फैक्ट्री के स्टोरेज टैंक में धमाके के बाद भरूच के पुलिस अधीक्षक मयूर चावड़ा ने बताया कि ये धमाका तब हुआ जब मजदूर डिटॉक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के परिसर में एक स्टोरेज टैंक के ऊपर काम कर रहे थे. फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है. धमाके के बाद भारी संख्या में पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया. उन्होंने कहा कि विस्तृत जांच के बाद ही हादसे के कारणों का पता लगाया जा सकेगा. पुलिस ने फैक्ट्री के बाहर मौजूद भीड़ पर नियंत्रण कर लिया है और अंदर जांच शुरू कर दी है. वहीं सभी शवों को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जबकि घायलों को इलाज के लिए एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है. वहीं भरूच के जिलाधिकारी ने इस हादसे में चार लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है. उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच के मुताबिक, ये धमाका स्टीम प्रेशर पाइप फटने से हुआ है. उन्होंने कहा कि फिलहाल उनकी प्राथमिकता क्षेत्र को सुरक्षित करना और अन्य प्रभावित मजदूरों को चिकित्सा मदद पहुंचाना है. बता दें कि ये कोई पहला मामला नहीं है जब गुजरात की किसी फैक्ट्री में ऐसा हादसा हुआ हो. इससे पहले गुजरात के वडोदरा के कोयाली इलाके में स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की एक रिफाइनरी में जोरदार धमाका हुआ था.

संसद पहुंचते ही राहुल गांधी से दूर हो गईं प्रियंका गांधी

●लोकसभा में भाई–बहन के बीच 19 सीटों का फासला

नईदिल्ली,संसद पहुंचते ही प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी से दूर हो गई है. दरअसल, संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है. संसद सत्र में अब तक कोई महत्वपूर्ण काम नहीं हो पाया है. कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल लगातार हंगामा कर रहे हैं. अडाणी मुद्दे पर ही विपक्ष अड़ा हुआ है. विपक्ष के हंगामे के बीच 18वीं लोकसभा में सीटों की व्यवस्था को अंतिम रूप दे दिया गया है. यानी अब अगले पांच साल कौन सा नेता कहां बैठेगा, यह तय हो चुका है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीट में कोई बदलाव नहीं हुआ है. वहीं, नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी चौथी लाइन में बैठेंगी. रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी एक नंबर सीट पर ही बैठेंगे. वहीं, रक्षा मंत्री सीट नंबर दो पर, गृहमंत्री अमित शाह तीसरे नंबर पर बैठेंगे. अब तक 58 सीट पर बैठने वाले सड़क परिवहन मंत्री अब चार नंबर सीट पर बैठेंगे. वहीं, वित्त

मंत्री निर्मला सीतारमण, विदेश मंत्री एस जयशंकर, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जैसे शीर्ष नेताओं के लिए सीटें खाली छोड़ दी गईं हैं. विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं की सीटें भी लोकसभा में पहले जैसे ही रहेगी. वे प्रथम पंक्ति में ही बैठेंगे. सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सीट नंबर 498 पर बैठेंगे और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सीट नंबर 355 में टीएमस नेता सुदीप बंदोपाध्याय 354 नंबर सीट पर बैठेंगे. कांग्रेस नेता और कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल राहुल गांधी के बगल में 497 नंबर सीट पर बैठेंगे. अयोध्या सांसद 357 सीट पर तो डिंपल यादव 358 सीट पर बैठेंगे.

पहली बार संसद पहुंचकर सांसद बनी प्रियंका गांधी चौथी पंक्ति की सीट अलॉट हो गई है. वे चौथी पंक्ति में सीट नंबर 517 में बैठेंगी. संसद पहुंचते ही प्रियंका गांधी राहुल गांधी से दूर हो गई हैं, क्योंकि राहुल गांधी पहली सीट पर तो प्रियंका गांधी 19 सीट पर बैठेंगी. राहुल और प्रियंका की सीटों के बीच 19 सीटों का फासला है.

मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दक्ष दिव्यांगजनों को प्रदान किये राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार

राज्य सरकार प्रदेश में दिव्यांगजनों के लिए प्रत्येक स्तर पर सुविधाओं को बढ़ाने का कर रही है कार्य–मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सुभाष रोड स्थित वैडिंग प्वाइंट में आयोजित दिव्यांग राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में 89 दक्ष दिव्यांग कर्मचारियों, खिलाड़ियों एवं स्वतः रोजगार रत दिव्यांगजनों व उनके सेवायोजकों को राज्य स्तरीय दक्षता पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया, जिसमें 25 दक्ष दिव्यांग कर्मचारी, 32 दक्ष दिव्यांग खिलाड़ी, 30 स्वतः रोजगार रत दिव्यांगजन एंव 2 दिव्यांगजनों के सेवायोजक सम्मिलित थे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आगामी विश्व दिव्यांग दिवस तक सभी दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकतानुसार सभी जिलों में स्पेशल कैंप लगाकर नि शुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाने एवं दिव्यांग विद्यार्थियों को निःशुल्क ऑनलाइन आई.ए.एस कोचिंग की व्यवस्था कराए जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने विश्व दिव्यांग दिवस के

अवसर पर पुरस्कृत होने वाले सभी उत्कृष्ट एवं दक्ष दिव्यांगजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह का ये माहौल हम सभी के लिए किसी भी प्रेरणा से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम आज प्रदेश के उन दिव्यांग नायकों को सम्मानित कर रहे हैं, जिन्होंने अपने आत्मविश्वास, धैर्य और साहस से न केवल अपना जीवन बदला है बल्कि दिव्यांगों के प्रति समाज की सोच और दृष्टिकोण को भी बदलने का काम किया है। सभी दिव्यांगजनों ने अपनी शारीरिक परिस्थिति को एक चुनौती के रूप में लेकर न केवल अपने सपनों को साकार किया है, बल्कि समाज को प्रेरित करने का कार्य भी किया है।दिव्यांगजनों के साहस व समर्पण की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकारी दफ्तरों से लेकर खेल के मैदान तक प्रत्येक जगह हमारे दिव्यांग भाई–बहन अपनी क्षमता का लोहा मनवा रहे हैं। यही नहीं सभी ने अपनी लगन और मेहनत के बल पर इस कविता की ये पंक्ति सार्थक की है कि..... लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश में ह्यदिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016ह्न को लागू किया, जिसमें दिव्यांगता के प्रकारों को 7 से बढ़ाकर 21 किया गया। आज इस ऐतिहासिक परिवर्तन से दिव्यांगजनों के दैनिक जीवन में सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

पुलिस के साथ छापेमारी कर 64 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

रुड़की। मंगलवार सवेरे ऊर्जा निगम की टीम ने बिजली चोरी को लेकर बड़ी तादाद में पुलिस व पीएसी के साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की। इस दौरान सुल्तानपुर, भोगपुर व जसोद्दरपुर के 64 घरों में बिजली चोरी पकड़ी गई। निगम लक्सर और पथरी में इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा रहा है।

ऊर्जा निगम को सुल्तानपुर तथा आसपास के देहात क्षेत्र में बड़े स्तर पर बिजली चोरी होने की शिकायत मिल रही थी। निगम के अधिकारियों ने कई बार चेकिंग कर कार्रवाई भी की, लेकिन हर बार कार्रवाई के दौरान ग्रामीणों ने हंगामा किया और उन्हें आगे चेकिंग भी नहीं करने दी। इसे देखते हुए ऊर्जा निगम की विजिलेंस टीम ने लक्सर डिविजन के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस व पीएसी लेकर मंगलवार सुबह 7 बजे ही सुल्तानपुर पहुंचकर छापेमारी शुरू कर दी। ईई लक्सर एसके गुप्ता ने बताया कि सुल्तानपुर के 26 घरों में बिजली की चोरी पकड़ी गई है।

साथ ही टीम ने भोगपुर में 26 और जसोद्दरपुर के 12 घरों में भी बिजली की चोरी पकड़ी है। बताया की सुल्तानपुर वह भोगपुर के 52 लोगों के खिलाफ लक्सर में कोतवाली में वह अन्य 12 लोगों के खिलाफ पथरी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

पीएम मोदी ने देखी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट

–एकता कपूर बोलीं–गर्व और कृतज्ञता से अभिभूत हूं

नई दिल्ली, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सांसदों के साथ गुजरात के गोधरा कांड पर बनी द साबरमती रिपोर्ट देखी, जिसे लेकर प्रोड्यूसर एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर आभार जताया। ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर द साबरमती रिपोर्ट की प्रोड्यूसर एकता कपूर ने लिखा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में शामिल हुए। हम गर्व और कृतज्ञता के शब्दों से परे हैं। हम जिस सत्य को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं, उसकी इस स्वीकृति से हम अभिभूत हैं! यह सच्चे मूल्यों से प्रेरित कहानी अब लाखों लोगों तक पहुंच चुकी है। आप सभी के समर्थन के लिए धन्यवाद!" द साबरमती रिपोर्ट की खास स्क्रीनिंग संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में रखी गई। गोधरा कांड पर बनी फिल्म देखने के बाद पीएम ने

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तस्वीरें शेयर कर मेकर्स की तारीफ की। पीएम ने लिखा, द साबरमती रिपोर्ट की स्क्रीनिंग में साथी एनडीए सांसदों के साथ शामिल हुआ। मैं फिल्म के मेकर्स का उनके प्रयासों के लिए सराहना करता हूं।

पीएम के साथ फिल्म देखने गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कंगना रनौत, जितेंद्र समेत अन्य मंत्री–सांसद व एक्टर्स पहुंचे।

दिल्ली की सड़कों पर उतरेंगी 150 मोहल्ला बस, मुख्यमंत्री आतिशी ने किया निरीक्षण

नई दिल्ली, दिल्ली में रहने वाले लोग जो ऑफिस जाने के लिए डीटीसी बसों का प्रयोग करते हैं, उन्हें दिल्ली सरकार ने मोहल्ला बस का तोहफा दिया है। 9 मीटर की इन छोटी बसों को लास्ट माइल कनेक्टिविटी के तहत शुरू किया जा रहा है। मंगलवार को मुख्यमंत्री आतिशी ने 150 मोहल्ला बसों का निरीक्षण किया। 9 मीटर की ये ध्वनिरहित बसें भीड़भाड़ वाले इलाकों के लिए बनाई गई हैं, इनका ट्रायल पहले ही पूरा हो चुका है। बसों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि दिल्ली की अनूठी मोहल्ला बसें 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक लो–फ्लोर बसें हैं। 150 बसों का पहला जत्था आ चुका है। ये बसें तैयार हैं और दो रूटों पर इनका ट्रायल भी हो चुका है। आज हम इन बसों और इनके चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निरीक्षण करने आए हैं। एक बार जब ये 150 बसें दिल्ली की

सड़कों पर आ जाएंगी, तो ये मोहल्ला बसों के रूप में काम करेंगी, जो 9 मीटर लंबी हैं और भीड़भाड़ वाले इलाकों तक पहुंच सकती हैं, जहां 12 मीटर की बड़ी इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें नहीं जा सकती हैं। उन्होंने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार ने यह पहल की है। दिल्ली में परिवहन हमेशा से एक समस्या रही है, खासकर लास्ट–माइल कनेक्टिविटी। मेट्रो का काफी विस्तार हुआ है, लेकिन मेट्रो स्टेशन से घर पहुंचना दिल्लीवासियों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई है। लास्ट–माइल कनेक्टिविटी समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली भर में 2,000 से अधिक ऐसी मोहल्ला बसें चलाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि एम्स, आईएएनए, गोविंदपुरी जैसे इलाकों को इस मोहल्ला बसों से कवर किया जाएगा। इस बस में खास बात यह है कि जब तक बस के दरवाजे बंद नहीं होते हैं बस नहीं चलेगी। बस के अंदर आराम से सफर कर सकते हैं। 10 साल से दिल्ली सरकार जनता की सुविधा के लिए काम कर रही है।

गूगल मैप ने फिर दिया धोखा, शॉर्टकट दिखाकर गलत रास्ते पर ले गया, नहर में गिर गई कार

बरेली,अभी कुछ दिन पहले बरेली–बदायूं रोड पर गूगल मैप की गलती से तीन लोगों की रामगंगा नदी में कार गिरने से मौत का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि एक बार फिर गूगल मैप की वजह से बरेली में बड़ा हादसा हो गया। हालांकि इस हादसे में तीन दोस्तों को हल्की चोट ही आई है। मंगलवार सुबह जब गांव वाले निकले तो देखा कि सूखी नहर में एक सफेद रंग की गाड़ी गिरी हुई है। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला और तीनों युवकों को अस्पताल ले जाया गया जहां तीनों की हालात सामान्य है। यह हादसा बरेली के इज्जत नगर थाना क्षेत्र के पीलीभीत रोड पर हुआ है। बताया जा रहा है कि गूगल मैप के बताए निर्देश पर जा रही एक कार कलापुर की सुखी पड़ी नहर में पलट गई। बताया जा रहा है कि तीन युवक कानपुर से पीलीभीत जा रहे थे। रास्ता तलाशने के लिए गूगल मैप की मदद ली लेकिन पीलीभीत बाइपास पर एक नहर किनारे छोटे से रास्ते पर यह हादसा हो गया। औरैया के रहने वाले दिव्यांशु सिंह दो दोस्तों के साथ सैटेलाइट से गूगल मैप के सहारे पीलीभीत जा रहे थे। कलापुर नहर ने गांव बरकापुर तिराहा के पास सड़क का कटान कर दिया है। इस वजह से कार नहर में पलट गई। घटना सुबह 6 बजे की है।

इंजीनियरिंग छात्रा से रेप–मर्डर, हत्यारे की मौत की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई रोक

रांची, सुप्रीम कोर्ट ने रांची में बीटेक की छात्रा की रेप के बाद हत्या करने और शव को घर में जला देने के बहुचर्चित केस के अभियुक्त राहुल राज उर्फ रॉकी राज उर्फ अंकित उर्फ राज श्रीवास्तव उर्फ आर्यन की फांसी की सजा तामिल करने पर रोक लगा दी है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने मंगलवार को इस मामले की सुनवाई करते हुए निचली अदालत और झारखंड हाईकोर्ट से इस केस का रिकॉर्ड मंगाने का निर्देश दिया है। रांची के निर्भया कांड के रूप में चर्चित यह वारदात 15–16 दिसंबर, 2016 को हुई थी। रांची के आरटीसी इंस्टीट्यूट में बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा बूटी बस्ती में अपनी बहन के साथ रहती थी। यहां उसके माता–पिता भी कभी–कभी रहते थे। 15 दिसंबर 2016 को छात्रा इस मकान में अकेली थी। शाम छह

बजे वह कॉलेज से लौटी थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। छात्रा को इसका अहसास भी नहीं था।

16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल उसके घर के ग्रिल का ताला किसी तरह खोलकर अंदर घुस आया। राहुल ने उसके साथ रेप किया और जब छात्रा अचेत हो गई तो तार से उसका गला घोंट दिया। उसने छात्रा के शरीर से कपड़े उतारे और मोटर में डालने के लिए घर में रखा मोबिल उसके शरीर पर डालकर आग लगा दी। उसने छात्रा के कपड़े भी दूसरे कमरे में फेंक कर आग लगा दी।

वारदात को अंजाम देने के बाद वह दरवाजा बंद कर वहां से भाग निकला। इस वारदात के बाद रांची में जनता का गुस्सा फूट पड़ा था और कई दिनों तक प्रदर्शन हुए थे। बाद में इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई। एजेंसी ने करीब 300 लोगों से पूछताछ की थी। मोबाइल कॉल डंप के आधार पर राहुल का पता लगाया गया था।

राहुल नालंदा के एकंगरसराय थाना क्षेत्र के घुरगांव का रहने वाला है। जांच में यह पाया गया कि वह आदतन अपराधी है। वह बूटी बस्ती में ही रह रहा था। उस पर पहले से पटना और लखनऊमें रेप के मामले दर्ज थे।

तमिलनाडु में मलबे में दबे मकान से पांच शव बरामद

केरल में रेड अलर्ट जारी,चक्रवात फेंगल का कहर

चेन्नई,तमिलनाडु और केरल में चक्रवात फेंगल का कहर जारी है। चक्रवात के कारण हुई बारिश और भूस्खलन में कई लोगों की जान जा चुकी है। आने वाले दिनों में भी भारी बारिश के आसार हैं। ऐसे में एनडीआरएफ और एसडीआरएप की कई टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए तैनात की गई हैं। तमिलनाडु के जिन जिलों में बारिश से नुकसान हुआ है, वहां राहत और बचाव कार्य चलाया जा रहा है। रेस्क्यू टीम ने अन्नामलाईयार पहाड़ी पर मलबे से पांच शव बरामद किये गए हैं। सोमवार सुबह से जारी गहन तलाशी के बाद ये पांच शव उस मकान से मिले जो एक दिसंबर को मूसलाधार बारिश के बाद मिट्टी और चट्टानों के नीचे दब गया था। पुलिस ने बताया कि बचावकर्मियों ने सोमवार शाम को एक बच्चे का शव बरामद किया और इसके बाद चार अन्य शवों का पता लगाया गया। एक दिसंबर की रात से चक्रवात फेंगल के प्रभाव के कारण पहाड़ी क्षेत्र में भूस्खलन हुआ था। पुलिस ने बताया कि शवों को सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है और मृतकों में एक महिला भी शामिल है। तलहटी में स्थित वीओसी नगर के निवासियों ने अधिकारियों को बताया कि एक दंपति, उनके दो बच्चों के अलावा तीन अन्य बच्चे उस मकान में फंस गए थे जो एक दिसंबर की रात भूस्खलन की चपेट मे आ गया था। लापता दो और लोगों की तलाश जारी है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को

चक्रवात फेंगल के कारण केरल में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। यह चक्रवात वर्तमान में तमिलनाडु के उत्तरी आंतरिक भाग में कम दबाव वाले क्षेत्र में कमजोर होकर कर्नाटक के दक्षिणी आंतरिक भाग तक फैल गया है। मौसम विज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह सिस्टम आगे बढ़ेगा और विकसित होगा, जो संभवतः 3 दिसंबर के आसपास केरल और कर्नाटक के उत्तरी तटों के पास दक्षिण–पूर्व और पूर्व–मध्य अरब सागर में उभरेगा। केरल में अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है, जबकि अलग–अलग क्षेत्रों में बहुत भारी बारिश और गरज के साथ बारिश होने की संभावना है।

राजस्थान के झालावाड़ में एक ही परिवार के 4 लोगों की उठी अर्थी

झालावाड़,राजस्थान के झालावाड़ में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। गंगधार क्षेत्र के जैताखेड़ी गांव में एक दंपति ने अपने दो बच्चों को पहले मार डाला इसके बाद फांसी लगाकर जान दे दी। एक ही परिवार में चार लोगों की मौत से गांव में मातम पसर गया है। परिवार ने सुसाइड क्यों किया इसका खुलासा नहीं लग पाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। जानकारी के अनुसार, फांसी के फंदे पर तीन शव मिले और सात साल के बच्चे का शव बिस्तर पर पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि सबसे पहले अपने 2 वर्षीय बालक का गला घोटा उसके बाद दंपति नागु सिंह एवं उसकी पत्नी संतोष और एक 7 वर्षीय बालक युवराज ने फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की वजह प्रथम दृष्टया पैतृक जमीन को लेकर चला आ रहा पारिवारिक गृहक्लेश माना जा रहा है। ग्रामीणों और पुलिस का कहना कि पति नाथू सिंह जमीन को बेचना चाह रहा था लेकिन उसके ससुराल वाले मना कर रहे थे। इसको लेकर गृहक्लेश चल रहा था।

शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा की बढ़ीं मुश्किलें

ईडी ने जारी किया समन

मुंबई,प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अश्लील फिल्मों के कथित अवैध वितरण से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कारोबारी राज कुंद्रा को 4 दिसंबर को पूछताछ के लिए तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पहले कुंद्रा को सोमवार को पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने नई तारीख मांगी, जिसके बाद अब उन्हें 4 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच में यह मामला शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों के खिलाफ चल रही है। जांच का संबंध मई 2022 में दर्ज किए गए मनी लॉन्ड्रिंग मामले से है, जिसमें कुंद्रा और अन्य के खिलाफ

मुंबई पुलिस की दो प्राथमिकी और आरोप पत्र आधारित कार्रवाई की जा रही है। ईडी ने 29 दिसंबर को मुंबई और उत्तर प्रदेश के कुशीनगर सहित विभिन्न शहरों में कुंद्रा और उनके सहयोगियों के परिसरों पर छापेमारी की थी।

सम्पादकीय

लालच से पनपते अपराध

समाज में अपराधों की एक लंबी फेहरिस्त है जिसमें विभिन्न कारण अपराधों के जनक बनते हैं। अधिकांश अपराधों के पीछे लालच की मनोवृत्ति छिपी होती है जो इंसान के होशो–हवास को शून्य करते हुए उसे अपराध के रास्ते पर ले जाते हैं। राजधानी देहरादून में करोड़ों रुपए कमाने के लालच में सुपारी का एक ऐसा खेल खेला गया जिसमें सुपारी देने वाला खुद ही शिकार बन गया। मामले में एक प्रॉपर्टी डीलर को मौत के घाट उतारा गया जिसने अपने ही साझेदार मित्र को पैसे के लालच के कारण मौत के घाट उतारने का प्रपंच रचा और "सुपारी किलर" को दोस्त की हत्या के लिए तैयार किया। लालच यहां इस कदर हावी था कि हत्या करने वाले ने योजना का पूरा ताना–बाना उसी व्यक्ति के आगे उगल दिया जिसकी हत्या की जानी थी। अब यहां हत्या करने वाले को पुनः लालच दिया गया और खुद सुपारी देने वाला अपनी जान से चला गया। पूरी घटना में प्रॉपर्टी से कमाई जाने वाली रकम का लालच हर व्यक्ति पर सवार था और इसी के इर्द–गिर्द इस हत्या का पूरा प्रपंच बुना गया। घटना में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन इस पूरे मामले में उस कड़वे सच को भी समाज के सामने लाकर रखा है जिसमें अपराध करने के लिए लालच एक सबसे बड़ा कारण बनकर सामने आया है। इसी लालच के कारण हत्या की सुपारी देने वाला खुद ही उस व्यक्ति के षड्यंत्र का शिकार बन गया जिसकी हत्या की जानी थी। हमारे सामने घटित अपराधों के जितने भी मामले सामने आए हैं उनमें पैसों का लेन–देन या फिर संपत्ति हथियाने को लेकर किए जाने वाले अपराधों की संख्या सबसे अधिक है। किसी भी अपराध का परिणाम जेल की सलाखें ही है फिर चाहे अपराधी कितना भी शातिर क्यों ना हो एक दिन उसे अपनी करतूतों का खामियाजा भुगतना ही पड़ता है। लालच इंसान की एक स्वाभाविक मनोवृति है और अपने विवेक और संयम से ही इस पर काबू पाया जा सकता है। अक्सर परिस्थितियों इंसान को लालच के कारण अपराध के उस रास्ते पर ले जाती है जहां एक बार घटनाएं घटित होने के बाद फिर सिवाय पछताने के और कुछ हाथ नहीं लगता। संपत्ति का लालच न जाने कितने ही जिंदगी को अब तक लील चुका है और न जाने कितने ही परिवार इस लालच के कारण घटित होने वाले अपराधों से पीड़ित हैं। सबसे बेहतर विकल्प यही है कि हम अपनी आवश्यकताएं सीमित रखें और "संतोषम परम सुखम" के सिद्धांत को अपने जीवन में यथार्थ के तौर पर उतारने की कोशिश करें। मेहनत एवं परोपकार से कमाया धन ही सच्ची पूंजी है और इसी संपत्ति में सुनहरे भविष्य की किरण भी छिपी हुई है, लेकिन इस सुनहरे भविष्य पर कब लालच का साया किस व्यक्ति का पड़ जाए यह कहा नहीं जा सकता। कई बार भोले–भाले लोग अक्सर इसी लालच के कारण ऐसे अपराधों का भी शिकार बन जाते हैं जिनकी शायद भी कभी कल्पना भी नहीं करते होंगे, कभी जानते हुए तो कभी जाने अनजाने। हमारे इर्द–गिर्द होने वाले अपराध, चोरी, डकैतियां और हत्याएं इसी लालच की एक कड़ी है जिसमें बिना मेहनत और कम समय में पैसा कमाने की हसरत शामिल है। निश्चित तौर पर यह अनैतिक कार्य है और किसी भी सभ्य समाज में ऐसे कार्यों को स्वीकृति नहीं दी जा सकती।

भाजपा ने दांव बहुत कायदे से आजमाया

अजीत द्विवेदी

हरियाणा और महाराष्ट्र दोनों राज्यों के चुनाव नतीजे हैरान करने वाले थे। दोनों राज्यों में सामान्य समझ यह कह रही थी कि भाजपा का गठबंधन चुनाव हार रहा है। तमाम पत्रकार, सर्वेक्षण करने वाली एजेंसियां, राजनीतिक विश्लेषक और पार्टियों के नेता भी यह मान रहे थे कि दोनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। पांच महीने पहले दोनों राज्यों में लोकसभा चुनाव में भाजपा को झटका लगा था। महाराष्ट्र में उसकी सीटें 23 से घट कर नौ और हरियाणा में 10 से घट कर पांच रह गई थीं।

हरियाणा में तो सत्ता विरोधी लहर को कम करने के लिए भाजपा ने साढ़े नौ साल मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर को हटा दिया था और उनकी जगह नायब सिंह सैनी को सीएम बनाया था। हालांकि उन सैनी की इच्छा के विपरीत उनकी विधानसभा सीट बदल दी गई थी। वे चुनाव जीतने के लेकर कई कतई आशान्वित नहीं थे। तभी आठ अक्टूबर को वोटों की गिनती के दौरान शुरुआती रूझानों में जब भाजपा बहुत पिछड़ गई तो उन्होंने सामने आकर हार स्वीकार कर ली और कहा कि अगर भाजपा हारती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी होगी, पार्टी आलाकमान की नहीं होगी। लेकिन उसके चंद मिनटों के बाद ही सारी तस्वीर बदल गई और भाजपा ने बड़ी जीत हासिल कर ली।

हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट्र की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं।

जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है।

ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है। अगर हरियाणा की बात करें तो भाजपा ने वहां पहले दिन से गैर जाट राजनीति की।

हरियाणा में चुनाव नतीजों के बाद कहा गया कि पिछड़ी जाति के नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री बनाना भाजपा का मास्टरस्ट्रोक था, जिससे 36 फीसदी पिछड़ी जातियां एकजुट हो गईं और भाजपा जीत गई। यही तर्क महाराष्ट्र की आश्चर्यजनक जीत के पीछे भी दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने मराठा ध्रुवीकरण के मुकाबले पिछड़ी जातियों को एकजुट किया। इसके लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास किए गए और राजनीतिक स्तर पर भी। तभी करीब 38 फीसदी पिछड़ी जातियां भाजपा और उसके गठबंधन के पक्ष में एकजुट हो गईं।जीत के पीछे अगर यह कारक है तो यह एक बहुत बड़ी परिघटना है। इसके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि जिस राज्य में भी नब्बे के दशक में मंडल की राजनीति बहुत असरदार नहीं थी या जहां मंडल की राजनीति का विरोध था या जहां मंडल की राजनीति से बड़े नेता नहीं निकले या जहां ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से कम है वहां भाजपा ओबीसी वोट की मुख्य हकदार बन गई है। उन राज्यों में कांग्रेस या विपक्ष का ओबीसी का दांव यानी जातिगत गणना कराने या आरक्षण बढ़ाने या ओबीसी का चेहरा आगे करने का दांव काम नहीं कर रहा है।ऐसा नहीं है कि यह परिघटना अनायास घटित हो रही है। भाजपा इसके लिए प्रयास भी कर रही है। उसने अलग अलग राज्यों में जातियों के बीच की फॉल्टलाइन को समझा है और मजबूत व दबंग जातियों के खिलाफ अपेक्षाकृत कमजोर जातियों को खड़ा किया है। यह समाज का विभाजन कराने वाली बात है लेकिन दुर्भाग्य से भारत की राजनीति ऐसे ही विभाजन पर फल फूल रही है।

उसने 2014 में चुनाव जीतने के बाद पंजाबी समुदाय के मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। इसकी प्रतिक्रिया में 2019 के चुनाव में जाट ध्रुवीकरण पूरी तरह से भूपेंदर सिंह हुड्डा के नाम पर कांग्रेस के साथ हो गया। इसे अवसर मान कर भाजपा ने 2024 में खट्टर को हटा दिया और पिछड़ी जाति के नायाब सिंह सैनी को सीएम बना दिया। इसमें भी भाजपा ने बड़ी होशियारी से गैर यादव पिछड़ी जाति का चेहरा आगे किया क्योंकि हरियाणा के इतिहास में अब तक उनका कोई सीएम नहीं बना था। सो, उसने अपेक्षाकृत कमजोर पिछड़ी जाति का नेतृत्व आगे करके एक नई जातीय अस्मिता को जन्म दिया। इसका फायदा उसको चुनाव में मिला।

जब हरियाणा का चुनाव शुरू हुआ तब तक अनुसूचित जातियों के आरक्षण में वर्गीकरण का सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ चुका था। भाजपा ने सरकारी स्तर पर इसे लागू करने का ऐलान तो नहीं किया लेकिन राजनीतिक स्तर पर इसे लागू कर दिया। उसने राज्य की एससी आरक्षित सीटों पर जाटव की बजाय अपेक्षाकृत कमजोर दलित जातियों के उम्मीदवार ज्यादा उतारे। दूसरी ओर जाटव वोट बांटने के लिए बहुजन समाज पार्टी व इनेलो और आजाद समाज पार्टी व जननायक जनता पार्टी का गठबंधन था।

यह गठबंधन अपने आप बना या उसके पीछे कोई प्रबंधन था, वह अलग अटकल का विषय है। परंतु जाटव वोट बंटे और गैर जाटव वोट भाजपा के साथ जुड़े। इस तरह भाजपा ने सबसे मजबूत और दबंग जाटों को और दलितों में जाटवों को अलग थलग किया और कमजोर पिछड़ी जाति का सीएम बना कर उनके साथ कमजोर दलित समूहों को जोड़ा। जाट शाही की वापसी के हल्ले में 36 बिरादरी को भाजपा ने एक किया। चुनाव के बाद पहली कैबिनेट में जिस तरह से नायब सिंह सरकार ने अनुसूचित जाति के आरक्षण में वर्गीकरण का फैसला लागू किया उससे साफ हो गया कि चुनाव में कैसे उसने इस दांव का प्रयोग किया था।

इसी तरह महाराष्ट्र में भाजपा ने मराठा आरक्षण का इस्तेमाल अपने हक में किया। असल में जिस मराठा आरक्षण को भाजपा के लिए खतरा माना जा रहा था उसने उसको अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया। भाजपा के समर्थन वाली एकनाथ शिंदे सरकार ने मराठाओं को ओबीसी कोटे में आरक्षण देने का फैसला किया, जिससे ओबीसी समूह नाराज हुए। इसका मकसद मराठा बनाम ओबीसी के विवाद को बढ़ाना था। दोनों के बीच पहले से फॉल्टलाइन थी, जिसे भाजपा ने और बड़ा कर दिया। यह एक जोखिम भरी रणनीति थी, लेकिन भाजपा को पता था कि वह इसे हैंडल कर सकती है। उसने मराठाओं और पिछड़ी जातियों का झगड़ा बढने दिया।

राज्य की ओबीसी राजनीति के सबसे बड़े चेहरे छगन भुजबल को इस आग में घी डालने दिया गया। उन्होंने ओबीसी की रैलियां कराईं और उनको जाग्रत कर दिया। इसके बाद यह नैरेटिव सेट किया गया है कि मराठा वोट शरद पवार, उद्धव ठाकरे और कांग्रेस के साथ हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले खुद सबसे मजबूत पिछड़ी जाति कुनबी से आते हैं लेकिन वे भाजपा के इस नैरेटिव को काउंटर नहीं कर सके। भाजपा ने जैसे हरियाणा में जाट और मुस्लिम बनाम अन्य का माहौल बनाया उसी तरह महाराष्ट्र में मराठा और मुस्लिम बनाम अन्य का मुकाबला बना दिया। उसने इसके लिए 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा भी चलने दिया और 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' का नारा भी चलने दिया और वोट जिहाद का नैरेटिव बिल्कुल नीचे तक जाने दिया। इससे ध्रुवीकरण कराने में उसको फायदा हुआ। राज्य में 20 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 38 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगियों ने 22 सीटें इसी रणनीति से जीतीं।

ऐसा नहीं है कि भाजपा ने सिर्फ राजनीतिक रणनीति, नारे या नैरेटिव के स्तर पर खेल किया। उसने सरकारी स्तर पर भी इसके लिए बहुत प्रयास किए। सबसे पहले तो इस सिलसिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विश्वकर्मा सम्मान योजना का जिक्र किया जा सकता है। यह एक गेमचेंजर योजना है, जिसने बिल्कुल कमजोर और वंचित पिछड़ी जातियों को उनके पारंपरिक रोजगार में मदद की। अगर महाराष्ट्र की बात करें तो वहां राज्य सरकार ने करीब 20 उप निगम यानी सब कॉरपोरेशन बनाए, जिनके जरिए पिछड़ी जातियों के अंदर छोटी छोटी उपजातियों और समूहों की मदद करने का प्रयास किया गया। इसका फायदा यह हुआ कि इन उपजातियों और समूहों की अपनी अस्मिता सामने आई।

सरकार ने संत कशीबा गुरव युवा फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन बनाया, यह गुरव जाति के लिए था। लिंगायतों के लिए जगद्ज्योति महात्मा बासवेश्वर फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, नाभिकों के लिए संत सेनाजी केशशिल्पी फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन, बारी समुदाय के लिए संत नरहरि महाराज फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और राष्ट्रसंत श्रीरूपलाल महाराज फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का गठन किया। यह सूची बहुत लंबी है। संक्षेप में इतना कहा जा सकता है कि लोनारी, तेली, हिंदू खटिक, लोहार, सिम्पी, गवली, गूजर, लेउवा पटेल, वानी, वादर, बेदार, गोंढारी, डोम्बारी, नाथपंथी आदि समुदायों के लिए फाइनेंस डेवलपमेंट कॉरपोरेशन का गठन किया गया। विदर्भ की 62 में से करीब 36 सीटों पर भाजपा का यह दांव बहुत काम आने वाला था।

सो, कमजोर ओबीसी जातियों की पहचान करने, उन्हें मजबूत जातियों के खिलाफ खड़ा करने और उनके महापुरुषों के नाम से योजना शुरू करके या उप निगम बना करके उनकी अस्मिता को बड़ा करने का का दांव भाजपा ने बहुत कायदे से आजमाया। ध्यान रहे यह काम राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने बहुत बारीकी से उत्तर प्रदेश और कई अन्य राज्यों में किया है, जहां अनेक ऐसी जातियों की पार्टियां बन गई हैं और प्रभावी हो गई हैं, जो पहले बिल्कुल हाशिए में थीं।

बहरहाल, महाराष्ट्र में हाशिए की इन जातियों को भाजपा ने मुख्यधारा में शामिल किया। इस तरह पारंपरिक अगड़ी और कट्टर हिंदू जातियों के साथ साथ उसने पिछड़ी जातियों की अस्मिता को उभार कर और उन्हें मजबूत जातियों के खिलाफ खड़ा करके सफलता हासिल की। यह काम भाजपा झारखंड में नहीं कर पाई। गैर आदिवासी राजनीति शुरू करने के बाद वह पीछे हट गई। इसका उसको नुकसान हुआ। इस पर कल विचार करेंगे।

बाइडन बहुत कमजोर राष्ट्रपति साबित हुए

श्रुति व्यास

जो बाइडन का राष्ट्रपति के रूप में कार्यकाल अंत की ओर है। उन्हें जनवरी में व्हाइट हाउस छोड़ना है इसलिए उन्हे अपना सामान बांधना है तो अपनी विरासत को भी संवारना है। उन्होंने 44वें राष्ट्रपति के रूप में जब पद संभाला था तब उन्हें उम्मीद थी कि वे ऐसी विरासत छोड़ जाएंगे जिसके चलते उन्हें फ्रैंकलिन डी रूज़वेल्ट (एफडीआर) के बाद अमेरिका के सबसे प्रगतिशील राष्ट्रपति के रूप में याद किया जाएगा। लेकिन तकदीर को कुछ और मंजूर था। बाइडन बहुत कमज़ोर राष्ट्रपति साबित हुए है और वे कलह से भरी दुनिया छोड़े जा रहे हैं।

कोई शक नहीं कि जो बाइडन का पद छोडना और डोनाल्ड ट्रंप का उनकी जगह लेना सत्ता के अन्य हस्तांतरणों की तुलना में बहुत डरावना है क्योंकि कई युद्ध जारी हैं। एक नयी जंग छिडने के आसार नज़र आ रहे हैं। बाइडन प्रशासन अपने अंतिम दिनों में अधिक से अधिक काम निपटाने में जुटा हुआ है। उसे पर्दा गिरने से पहले बहुत कुछ करना है।

पहला मसला है यूक्रेन का। बाइडन ने बहुत समय बर्बाद करने के बाद यूक्रेन को अमेरिका द्वारा दी गईं लंबी दूरी की मिसाइलों का इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि कांग्रेस ने यूक्रेन की सैन्य सहायता के लिए 6 अरब डालर की जो मंजूरी दी थी, उसकी बची हुई रकम उनके व्हाइट हाउस छोडने के पहले खर्च कर दी जाए। इस हृदय परिवर्तन का कारण शायद यह है कि रूस की मदद के लिए हजारों उत्तर कोरियाई सैनिकों को अग्रिम मोर्चे पर तैनात कर दिया गया है जिसे अमेरिका युद्ध के विस्तार के रूप में देख रहा है।

पश्चिमी मिसाइलों का इस्तेमाल रूस के भीतरी इलाकों पर हमले के लिए करने की इजाजत यूक्रेन को देकर बाइडन ने न केवल उत्तर कोरिया को बल्कि पुतिन को भी सन्देश दिया है। हालांकि इस फैसले से अग्रिम मोर्चों पर यूक्रेन की कमजोर स्थिति में कोई नाटकीय बदलाव नहीं होगा, लेकिन इससे यूक्रेन का मनोबल बढ़ेगा और 20 जनवरी के बाद ट्रंप की पहल पर होने वाली संभावित वार्ताओं में उसका पक्ष मजबूत होगा। ऐसा बताया जाता है कि ट्रम्प ने पुतिन को फ़ोन कर कहा है कि वे युद्ध को और तेज न करें। मगर क्रेमलिन का कहना है कि ऐसा कोई फ़ोन नहीं आया।

दूसरा मसला है पश्चिम एशिया में युद्ध का। गाजा में शुरू हुआ युद्ध लेबनान तक पहुंच गया है और अब शायद उसकी लपटें ईरान तक पहुँच जाएँ। इस मामले में एक और नया घटनाक्रम है। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने बेंजामिन नेतन्याहू को गिरफ्तार करने की बात कही है। बाइडन ने इसे असहनीय बताकर अमेरिका के पाखण्ड को उजागर किया है। फिर युद्धविराम की बातें भी हो रही हैं। इजराइल की कैबिनेट ने कल रात एक बैठक में हिजबुल्ला के खिलाफ 14 महीनों से चल रहे युद्ध को विराम देने को मंजूरी दी है।

अडानी विवाद की संसदीय जांच की मांग

अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने कहा है कि वहां सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। उद्योगपति गौतम अडानी और उनके कारोबार पर अब बड़ा घेरा पड़ गया है। नया मामला हिंडनबर्ग रिपोर्ट जैसा नहीं है, क्योंकि इस बार अडानी और उनके उद्योग समूह से जुड़े कई प्रमुख लोगों पर अभियोग अमेरिका के न्याय मंत्रालय ने लगाया है। जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका में सौर ऊर्जा संबंधी ठेके दिलवाने और उन परियोजनाओं में पैसा लगाने पर अमेरिकी निवेशकों को राजी करने के लिए अडानी ने भारतीय अधिकारियों को 25 करोड़ डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया। जिन पर अभियोग लगा है, उनमें गौतम अडानी, उनके भतीजे सागर अडानी और अडानी समूह की अक्षय ऊर्जा कंपनी के बड़े अधिकारी विनीत एस. जैन शामिल हैं। खबरों के मुताबिक अमेरिका की अदालत में पेश करने के लिए वहां के अधिकारी आरोपित व्यक्तियों के प्रत्यर्पण की मांग भारत सरकार से कर सकते हैं। भारत सरकार इस पर राजी होगी या नहीं– यह दीगर बात है। निर्विवाद रूप से ताजा घटना अडानी के लिए उससे कहीं बड़ा झटका है, जैसा पिछले साल उसे हिंडनबर्ग रिपोर्ट से लगा था। उस रिपोर्ट में इल्जाम लगाया गया था कि अडानी समूह ने अपने शेयरों के भाव को फर्जी ढंग से बढ़ाया और एकाउंटिंग में धोखाधड़ी की। ताजा खबर के ठीक पहले शेख हसीना सरकार के समय बांग्लादेश में अडानी को हुए बिजली परियोजना आवंटन की जांच के लिए विशेषज्ञों की समिति बनाने का समाचार आया था।

ना कल्कि, ना देवरा, लकी भास्कर बनी फिल्म ऑफ द ईयर, ओटीटी पर छाई दुलकर सलमान की थ्रिलर मूवी

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के कूल एक्टर दुलकर सलमान की नई फिल्म लकी भास्कर ओटीटी पर रिलीज हो गई है. फिल्म में दुलकर सलमान के साथ मीनाक्षी चौधरी स्क्रीन स्पेस साझा करती नजर आई है. फिल्म की रिलीज होते ही लोग सोशल मीडिया पर अपना रिव्यू साझा कर रहे हैं. दुलकर सलमान की कॉमन मैन वाली यह स्टोरी लोगों काफी पंसद आ रही हैं.

लकी भास्कर आज से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है. नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर लकी भास्कर से दुलकर सलमान का पोस्टर साझा किया है और कैप्शन में लिखा है, स्कैम से ज्यादा थ्रिलिंग क्या हो सकता है? इसे सामने आते देखना. अब नेटफ्लिक्स पर तेलुगू, तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी में लकी भास्कर देखें.

दुलकर सलमान की थ्रिलर मूवी को लेकर एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर काफी सारे रिव्यू आए हैं. एक एक्स यूजर ने फिल्म के एक–एक प्वाइंट के बारे में बताया है. यूजर ने फिल्म को 5 स्टार में से 4.5 स्टार देते हुए पोस्ट में लिखा है, यह फिल्म भास्कर नाम के एक बैंक कर्मचारी की कहानी है, जो अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में चुनौतियों सामना करता है. 90 के दशक के अंत का सेट अप शानदार है और बेहतरीन ड्रेस देखने में अमैडजिंग लगा. स्ट्रॉन्ग कास्ट और बेहतरीन साउंडट्रैक फिल्म को और बेहतर बनाते हैं.

एक यूजर ने लिखा है, इस शख्स को मेरा सलाम, जीवी प्रकाश कुमार की याद आज भी मेरे दिमाग में है, जब मैंने इसे थिएटर में देखा था. यह फिल्म राष्ट्रीय पुरस्कारों में बेस्ट म्यूजिक की हकदार है. मैं इसके लिए कामना और प्रार्थना करता हूं. एक दूसरे यूजर ने लिखा है, दुलकर सलमान के लिए सबसे बेहतरीन एलिवेशन सीन में से एक और यह कोई एक्शन सीन नहीं है.

एफए कप के तीसरे राउंड में मैनचेस्टर यूनाइटेड से आर्सेनल की भिडंत

लंदन, एफए कप के तीसरे दौर में मैनचेस्टर यूनाइटेड का सामना आर्सेनल से होगा। तीसरे दौर के मुकाबले सप्ताह के अंत 10–13 जनवरी में खेले जाएंगे, एफए ने अभी तक पूरे कार्यक्रम की पुष्टि नहीं की है। यह 17वां अवसर होगा जब एफए कप के 14 बार के विजेता आर्सेनल और 13 बार के विजेता मैन यूनाइटेड प्रतियोगिता में आमने–सामने होंगे। इन मुकाबलों में 1979 और 2005 के फाइनल शामिल हैं, जिन्हें गनर्स ने जीता था। अन्य ऑल–प्रीमियर लीग मुकाबले में, सात बार के एफए कप विजेता एस्टन विला ने वेस्ट हैम यूनाइटेड की मेजबानी की। टूर्नामेंट में क्लब तीन बार मिले हैं, विला ने दो बार जीत हासिल की और एक बार हार गया। प्रीमियर लीग के शीर्ष क्लब लिवरपूल का ड्रा लीग टू के एक्सिंगटन स्टेनली के साथ हुआ है। मैनचेस्टर सिटी, जिसने कुल सात बार ट्रॉफी जीती है, लीग टू की टीम सैलफोर्ड सिटी से भिड़ेगी। एवर्टन के 39 वर्षीय डिफेंडर एशले यंग संभवतः अपने 18 वर्षीय बेटे टायलर के खिलाफ खेल सकते हैं, जो पीटरबरो यूनाइटेड के लिए खेलते हैं, क्योंकि टॉफीज़ का ड्रा लीग वन साइड के साथ हुआ है।

एडिलेड टेस्ट से पहले विराट कोहली को लगी चोट!

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में दूसरा टेस्ट मैच खेला जाना है। ये मैच छह दिसंबर से शुरू होगा जो डे–नाइट मैच होगा। टीम इंडिया ने पर्थ में जीत हासिल करते हुए पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1–0 की बढ़त ले ली है। अब दूसरे मैच में उसकी कोशिश अपनी बढ़त को दोगुनी करने पर है। इससे पहले विराट कोहली को लेकर एक खबर फैली है। विराट कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसके बाद कहा जा रहा है कि कोहली चोटिल हैं।

कोहली को पर्थ टेस्ट मैच से पहले भी चोट लगी थी, लेकिन वह ठीक होकर लौटे थे और दूसरी पारी में शानदार शतक जमाया था। दूसरे टेस्ट मैच के बाद भी कोहली को लेकर इस तरह की खबर है। हालांकि, ऐसा कुछ भी अभी तक आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आया है कि कोहली को किसी तरह की चोट है।

दरअसल, दूसरे टेस्ट मैच से पहले कोहली के चोटिल होने के सवाल इसलिए उठ रहे हैं क्योंकि प्रैक्टिस के दौरान उनके घुटने पर मेडिकल स्टाफ किसी तरह की बैंडेज बांधते हुए दिखाई दे रहा है। कोहली एक्सरसाइज करने के बाद खड़े होते हैं तो स्टाफ का एक सदस्य उनके घुटने पर बैंडेज बांधता दिखाई दे रहा है। इसी के साथ सवाल उठ रहे हैं कि कोहली को कहीं चोट न लगी हो। हालांकि, उनको देख ये लग नहीं रहा है कि वह किसी परेशानी में हैं। हो सकता है कि कोहली को घुटने में छोटी–मोटी परेशानी हो और उससे बचने के लिए उनको बैंडेज बांधा गया हो।

वरुण धवन की बेबी जॉन में सलमान खान का कैमियो कंफर्म!

हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन में वरुण धवन ने अपनी अपकमिंग फिल्म बेबी जॉन में सलमान खान के कैमियो को कंफर्म कर दिया है. कलीस द्वारा निर्देशित यह फिल्म 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है इसी बीच चर्चा जोरों पर थी कि सलमान फिल्म में स्पेशल कैमियो में नजर आने वाले हैं. लेकिन इसका ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ था.

अब हाल ही में वरुण ने सोशल मीडिया पर एक ऐसा हिंट दे दिया है जिससे कंफर्म हो गया है कि सलमान बेबी जॉन में नजर आएंगे. वरुण धवन की अगली फिल्म बेबी जॉन का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, ऐसे में हाल ही में एक्टर ने फिल्म के बारे में एक बड़ा हिंट दिया है. वरुण ने हाल ही में पुष्टि की है कि एक्शन–थ्रिलर में सलमान खान कैमियो करेंगे. इसका पता चलते ही फैंस की खुशी दोगुनी हो गई है, हाल ही में एक्स पर आस्क मी एनीथिंग सेशन के दौरान उन्होंने कैमियो के बारे में कुछ दिलचस्प जानकारी भी शेयर की. इस सेशन के दौरान एक फैन ने पूछा, भाई का कैमियो बेबी जॉन में कितने मिनट का है? इस पर वरुण ने जवाब दिया, मिनट नहीं बोलूंगा, इसका इफेक्ट काफी महीनों तक रहने वाला है. इससे पहले, बेबी जॉन के मेकर्स ने फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसे टेस्टर कट कहा जा रहा है. फिल्म में वरुण एक पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं, और एक बेटी के सिंगल फादर भी हैं. बेबी जॉन के टीजर की शुरुआत एक बच्ची से होती है, जो कि वरुण धवन की है. बच्ची अपने पापा वरुण के बारे में बताती है और दूसरी तरफ वरुण को टीजर में एक्शन करते दिखाया गया है. वरुण धवन पूरे टीजर में एक्शन लुक में ही दिख रहे हैं और वहीं टीजर में फिल्म की हीरोइन कीर्ति सुरेश और वामिका गब्बी की झलक भी देखने को मिली है.

मलाइका अरोड़ा ने बिखेरा हुस्न का जलवा

मलाइका अरोड़ा अपने बोल्ड फिगर और स्टाइलिश ड्रेसिंग सेंस के चलते सोशल मीडिया पर फैंस के बीच सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका स्टनिंग लुक इंटरनेट पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने बेहद ही स्टाइलिश फोटोशूट करवाया है। इस दौरान उन्होंने रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट और बोल्ड नजर आ रही हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा 50 साल की हो चुकी हैं, लेकिन आज भी अपनी खूबसूरती से यंग गर्ल्स को इंस्पायर करती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका सिजलिंग अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने ब्लैक कलर की थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है,

भारतीय टीम महिला जूनियर एशिया कप के लिए ओमान रवाना

बेंगलुरु, भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप, जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए एक क्वालिफाइंग इवेंट है, 7 से 15 दिसंबर तक मस्कट, ओमान में आयोजित किया जाना है। भारतीय टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी, जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगी। टीम में वैष्णवी विल फाल्के, सुनीता, मुमताज खान, दीपिका

और ब्यूटी डुंगडुंग जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्हें सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है। जबकि टीम को पूर्व भारतीय कप्तान तुषार खांडेकर ने ट्रेन किया है। ज्योति सिंह ने टीम के रवाना होने से पहले कहा, हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम मस्कट, ओमान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है। उप–कप्तान साक्षी राणा ने कहा, यह देखकर खुशी हो रही है कि भारतीय जूनियर पुरुष टीम नॉकआउट चरण में प्रवेश कर गई है और वे खिताब की ओर बढ़ रहे हैं। हम उनके मैचों पर नजर रख रहे हैं और हम बाकी मैचों में उनका उत्साहवर्धन करने के लिए मौजूद रहेंगे। हम भारतीय हॉकी प्रशंसकों से अपील करते हैं कि वे हमें खेलते हुए देखें और हमें सपोर्ट करें। मस्कट में एक बड़ा भारतीय समुदाय है, हमें उम्मीद है कि वे हमारा समर्थन करने आएंगे। भारत अपने अभियान की शुरुआत 8 दिसंबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।

एक नजर

शांतिकुंज व विश्व विद्यालय भ्रमण कर लौटे विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सिगड्डी स्थित राजकीय इंटर कालेज जयदेवपुर के छात्रों के दल ने शैक्षिक भ्रमण के तहत शांतिकुंज व देव संस्कृति विश्वविद्यालय का भ्रमण किया। छात्रों ने ध्यान कक्ष, ध्यान साधना, प्रसाद भवन, गायत्री मंदिर, अखंड ज्योति के दर्शन किए। शांतिकुंज का स्वावलंबन केंद्र छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

प्रधानाचार्य शोबेन्द्र जोशी व गणित प्रवक्ता संजय ध्यानी के नेतृत्व में 84 छात्र-छात्राओं का दल हरिद्वार स्थित शांतिकुंज पहुंचा। जहां पर शांतिकुंज के साधक मुकेश वर्मा ने छात्रों के दल का स्वागत किया। मुकेश वर्मा ने छात्रों को गायत्री मंत्र के महत्व के बारे में जानकारी दी। छात्रों को राम शर्मा आचार्य ने स्थापित शांति कुंज के उद्देश्यों के बारे में बताया। तत्पश्चात छात्रों ने गायत्री मंदिर, अखंड ज्योति व सुंदर पुष्प वाटिकाओं का भ्रमण किया। तत्पश्चात छात्रों ने औषधि पादपों की वाटिका, गौशाला, वस्त्र निर्माण में लगे उद्योगों को देखा, जहां पर स्वालंबन केंद्र छात्रों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। भ्रमण दल में वेद प्रकाश धस्माना, दीपक लखेड़ा, सुनील खंतवाल, वीरेंद्र रावत, कल्पेश्वरी बलोदी, सुधा शर्मा मौजूद रहे।

मुकेश को जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बिष्ट को अखिल भारतीय कांग्रेस राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन पौड़ी जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुकेश को जिलाध्यक्ष बनाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए मंगलवार को उन्हें सम्मानित किया। मुकेश बिष्ट ने पंचायतीराज संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ललित फर्स्वाण और कांग्रेस संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वह जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। कहा कि प्राथमिकता के साथ आगामी निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस को एकजुट कर जीत दिलवाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित सिंह, प्रदेश महासचिव आशीष नेगी, ब्लॉक अध्यक्ष कोट विजयदर्शन बिष्ट, नगर अध्यक्ष कांग्रेस भरत सिंह रावत, सोनू, सर्वेश आदि मौजूद रहे।

साइबर सेल ने वापस दिलवाई फरियादी को धनराशि

श्रीनगर गढ़वाल : साइबर सेल श्रीनगर ने गलती से अंजान व्यक्ति के खाते में पैसे डालने वाले एक फरियादी को पैसे लौटाए हैं। कोतवाली श्रीनगर के वरिष्ठ उपनिरीक्षक लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि श्रीनगर निवासी प्रदीप भट्ट ने वर्ष 2022 में अपने खाते से गूगल पे के माध्यम से 20 हजार रुपये गलती से किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दिए थे। मामले में बैंक को शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद फरियादी ने बीती 30 नवम्बर साइबर सेल में शिकायत की। पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए फरियादी को 20 हजार रुपये की धनराशि वापस लौटाई। पैसे वापस मिलने पर फरियादी ने साइबर सेल का धन्यवाद किया। (एजेंसी)

सरकार पर लगाया लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने का आरोप

नई टिहरी : कांग्रेस पार्टी ने भाजपा सरकार पर लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा सरकार डर के कारण पंचायत चुनावों को बार-बार टाल रही है। उनका आरोप है कि भाजपा ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से होने वाले चुनावों से डरकर इसे स्थगित कर रही है।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट, विजय गुनसोला और कुलदीप पंवार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि एक साल से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक निकाय चुनाव, छात्रसंघ चुनाव और सहकारिता समितियों के चुनाव नहीं कराए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने जिला पंचायत अध्यक्षों को प्रशासक बना दिया है, जबकि ग्राम पंचायतों और ब्लॉक प्रमुखों को इससे बाहर रखा है। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के इस रवैये को लोकतंत्र की हत्या बताते हुए मांग की कि जल्द से जल्द पंचायत और अन्य चुनाव कराए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने निकाय चुनावों की तैयारियां पूरी कर ली हैं और जहां भी आरक्षण होगा, वहां प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर मुशर्रफ अली, महिला जिलाध्यक्ष आशा रावत, नफीस खान और अन्य कांग्रेस नेता भी मौजूद थे। (एजेंसी)

अतिक्रमण के नाम पर शोषण का आरोप, व्यापारी व निगम कर्मियों के बीच हुई तीखी बहस

अतिक्रमण हटाने पहुंची निगम की टीम व व्यापारियों में हुई बहस
टीम पर लगाया जबरन दुकान के भीतर से सामान उठाने का आरोप

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर के बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम को व्यापारियों के विरोध का सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने निगम पर दुकान के भीतर रखे सामान को जबरन जब्त करने का आरोप लगाया। कहा कि अतिक्रमण के नाम पर नगर निगम व्यापारियों का शोषण कर रहा है। इस दौरान व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच तीखी बहस भी हुई।

मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम की टीम शहर में अतिक्रमण हटाने पहुंची। टीम ने बदरीनाथ मार्ग में रेहड़ी-ठेली जब्त करने के साथ ही रेलवे स्टेशन रोड में सड़क पर दुकान सजाने वालों का सामान जब्त किया। दुकान के बाहर से सामान उठाने के दौरान दुकान स्वामी व निगम कर्मियों के बीच हल्की झड़प भी हुई। लेकिन, निगम ने सख्ती दिखाते हुए अधिकांश व्यापारियों का सामान जब्त कर दिया था। जैसे ही नगर निगम की टीम स्टेशन रोड से आगे बढ़ी तो वहां पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी पहुंच गए। व्यापारियों का आरोप था कि नगर निगम सड़क पर रखे सामान को जब्त करने के बाद ही दुकान के भीतर रखे सामान को भी उठा रहा है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष प्रवीण भाटिया ने बताया कि अतिक्रमण के नाम पर व्यापारियों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बताया कि नगर निगम शहर में रेहड़ी-ठेली लगाने वालों का भी उत्पीड़न कर रहा है। पूर्व में आश्वासन के बाद भी आज तक इनके लिए कोई स्थाई जगह चिह्नित नहीं की गई है। साथ ही नगर निगम इन्हीं से तहबाजारी भी वसूल रहा है। यदि इनसे पैसा लिया जा रहा है कि तो इन्हें जगह उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी भी नगर निगम की है।

कोटद्वार स्टेशन रोड में व्यापारियों व निगम कर्मियों के बीच होती बहस

ट्रैक्टर से उठाने लगे सामान

स्टेशन रोड में व्यापारियों व नगर कर्मियों के बीच चल रही बहस का फायदा उठाते हुए रेहड़ी-ठेली वाले ट्रैक्टर में जब्त सामान को उठाने का प्रयास करने लगे। निगम अधिकारियों की नजर जब उन पर पड़ी तो वह वीडियों बनाते हुए कार्रवाई की चेतावनी देने लगे। जिसके बाद रेहड़ी-ठेली वाले सामान को छोड़कर ट्रैक्टर से नीचे उतर गए। रेहड़ी-ठेली वालों ने भी निगम अधिकारियों से उन्हें स्थाई जगह उपलब्ध करवाने की मांग की।

कुलदीप सिंह रावत बनें अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मकर संक्रांति मौके पर मवाकोट मैदान में होने वाले गिंदी कौथिग की तैयारियां शुरू हो गई है। कौथिग को संपन्न करवाने वाली शंकर दत्त जोशी गेंद मेला एवं क्षेत्रीय विकास समिति की नई कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है।

मवाकोट में संपन्न हुई समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कुलदीप सिंह रावत को अध्यक्ष व भवानी दत्त लखेड़ा को सचिव चुना गया। अन्य पदों पर प्रमोद बहुखंडी को उपाध्यक्ष, राजेश नेगी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संरक्षक मंडल में सुभाष कोठारी, पितृशरण जोशी, अनुसुया प्रसाद भदोला, जगदीपक रावत, विवेक जोशी को रखा गया है। इसके अलावा महेंद्र सिंह बिष्ट, कुलदीप सिंह रावत, सुभाष कोठारी, अनूप सिंह नेगी, शशिकांत जोशी, राजेश नेगी, मनोज सिंह, प्रमोद बहुखंडी, भवानी दत्त लखेड़ा, विकास पंत, संतोश जोशी, विवेक जोशी को आय व्यय समिति का सदस्य बनाया गया है। कौथिग के दौरान होने वाली खेल प्रतियोगिताओं के लिए भी समिति गठित की गई है। जिसमें कमल सिंह नेगी को अध्यक्ष बनाया गया है। सुरदीप गुसाई, नवीन केष्टवाल, हर्षवर्द्धन बिंजोला, दिनेश गौड़, गजेंद्र सिंह रावत, शेखर जोशी व विजय जोशी को समिति में सदस्य बनाया गया है। नवीन केष्टवाल, हर्षवर्द्धन बिंजोला, बीना जोशी, शशिबाला केष्टवाल को मंच संचालन समिति में रखा गया है। विवेक भारती व प्रदीप सिंह मीडिया प्रभारी होंगे, जबकि मेला अध्यक्ष कुलदीप सिंह रावत व सचिव भवानी दत्त लखेड़ा प्रशासनिक व सुरक्षा समिति के सदस्य होंगे।

नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य चुने युवा

कोटद्वार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करती विस अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहकर बेहतर भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

इसलिए हम सभी को इसके खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। नशे के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। लालपानी में शक्ति फाउंडेशन की ओर से संचालित नशा मुक्ति केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विस अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों में नशे की लत समाज के लिए ठीक संदेश नहीं है। हमें अपने बच्चों पर पूरा ध्यान देना चाहिए। उन्होंने नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवाओं का भी हाल जाना। विस अध्यक्ष ने कहा कि वह नहीं चाहती कि समाज में नशा मुक्ति केंद्र खोलने पड़े। लेकिन, नशे की लत में पड़े युवाओं को इस जाल से बाहर निकलाने के लिए इन केंद्रों की भी आवश्कता है। इस मौके पर डा. अनिल मोहन, डा. आयुष सुंदरियाल, विपिन अग्रवाल, रविन्द्र नेगी, लक्ष्मण बिष्ट, संजीव थपलियाल, संगीता, प्रीति आदि मौजूद रहे।

जंयती पर डा. राजेंद्र प्रसाद को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सदस्यों ने डा. राजेंद्र प्रसाद के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वहीं, महानगर कांग्रेस कमेटी ने राजेंद्र प्रसाद के साथ ही हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद को श्रद्धांजलि दी।

मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस नेता बलवीर सिंह रावत ने कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद सादा जीवन उच्च विचार रखते थे।

उन्होंने अनेक पत्र, पत्रिकाएं व पुस्तकें भी लिखी। इस मौके पर सुधा असवाल, चंद्रमोहन असवाल, यश्वंत बिष्ट, हयात मेहरा, नरेंद्र नेगी, विनोद नेगी, सूरज प्रकाश, महावीर नेगी, प्रदीप नेगी, चंद्रमोहन रावत, पपेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे। उधर, महानगर कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती व हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की पुण्यतिथि मनाई। कहा कि डा. राजेंद्र प्रसाद का अग्रणी देश बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा। हाकी के जादूगर रहे मेजर ध्यान चंद ने हाकी को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाने का काम किया है। इस मौके पर प्रवीण रावत, विजय रावत, धीरेंद्र बिष्ट, बृजपाल सिंह, सुदर्शन रावत, हेमचंद्र पंवार, मानेश्वर सैनी, राजीव कपूर, नईम अहमद मौजूद रहे।

कोटद्वार में पूर्व प्रधानमंत्री डा.राजेंद्र प्रसाद व हाकी के जादूगर मे.ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी

काश्तकारों को दी योजनाओं की जानकारी

मुख्य विकास अधिकारी ने किया ग्रामीण क्षेत्रों का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : मुख्य विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गुणवंत ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए काश्तकारों को योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने पौखाल-भंवासी मोटर मार्ग का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए।

यमकेश्वर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न गांव का निरीक्षण करते हुए मुख्य विकास अधिकारी गिरीश चंद्र गुणवतंत ने काश्तकारों से वार्ता की। उन्होंने कस्याली पंपिंग योजना का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही पानी की पाइपों को जमीन में साठ सेंटीमीटर नीचे दबाने और पेयजल लाइन से वंचित चार परिवारों को 25 दिसंबर तक योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कस्याली-थलनदी मार्ग पर डामरीकरण के निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिए। साथ ही भृगुखाल-निसनी मोटर मार्ग व यमकेश्वर लिंक रोड का निरीक्षण कर फरवरी तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने ग्राम ग्वाड़ी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत किये गए कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम वाडियूं में जल जीवन के हुए कार्यों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने देवली गांव में दमयंती देवी व पूजा देवी की ओर से संचालित सिलाई यूनिटों का निरीक्षण किया। साथ ही मारल गांव में काश्तकारों से वार्ता की। उन्होंने गांव में हो रही फूलों की खेती, हल्दी उत्पादन व लेट्यूस की खेती का निरीक्षण किया। साथ ही मनरेगा के तहत हुए बाढ़ रोकथाम के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम जयगांव में हुए विकास कार्यों के बारे में जानकारी ली। साथ ही इलायची की खेती व पौधों की नर्सरी का निरीक्षण किया।

यमकेश्वर विधानसभा के अंतर्गत पौखाल–भंवासी मोटर मार्ग निरीक्षण के दौरान कार्य से संबंधित बोर्ड को देखते सीडीओ गिरीश चंद्र गुणवंत

विधायक के जन्मदिन पर बांटे फल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लैंसडौन विधायक दिलीप रावत के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने बेस अस्पताल में फल वितरित किए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मरीजों की समस्याओं को भी सुना। साथ ही झंडीचौड़ स्थित दिव्यांग स्कूल के बच्चों को भोजन वितरित किया गया। लैंसडौन विधानसभा के विधायक दिलीप की पत्नी नीतू रावत व सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी के नेतृत्व में कार्यकर्ता झंडीचौड़ स्थित दिव्यांग स्कूल में पहुंचे। उन्होंने दिव्यांग बच्चों के साथ विधायक दिलीप रावत का जन्मदिन मनाया। साथ ही बच्चों को भोजन भी करवाया। इसके बाद वे राजकीय बेस हास्पिटल पहुंचे, जहां पर उन्होंने बेस हास्पिटल में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए। इस मौके पर ऋषभ भंडारी, रवींद्र नेगी, विवेक अग्रवाल, विजयानंद पोखरियाल, संदीप चौधरी, अग्रज जुयाल आदि मौजूद रहे।

दिव्यांगों को किया आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित

नई टिहरी : विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर राड्स संस्था और जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र ने जाखणीधार ब्लॉक के नंदगांव में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया गया, साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान दिव्यांगों को उपकरण भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में राड्स संस्था के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा ने कहा, कि हमारी संस्था पिछले 23 वर्षों से दिव्यांगों के लिए काम कर रही है। शारीरिक चुनौतियां कभी भी सफलता की राह में रुकावट नहीं बन सकतीं। उन्होंने दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों पर जोर दिया। दिव्यांग भाग सिंह गुसाई ने संस्था द्वारा राशन की दुकान के लिए उपलब्ध कराए गए ऋण का उदाहरण देते हुए कहा, इस मदद से मैंने अपनी आजीविका को आत्मनिर्भर तरीके से चला पाया। संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट ने केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं जैसे स्वरोजगार ऋण योजना, शिक्षा के लिए विशेष अनुदान और पुनर्वास सेवाओं के बारे में जानकारी दी और दिव्यांगजनों से इनका अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के जगदीश बडोनी ने राड्स द्वारा चलाए जा रहे शिविरों और अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी, जिसमें दिव्यांगजनों को उपकरण और अन्य सहायता प्रदान की जाती है। कार्यक्रम में रंजीता थपलियाल ने मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने और सकारात्मक सोच के महत्व पर भी चर्चा की,

प्रशासक नियुक्त करने पर निर्वतमान जिपं सदस्यों में आक्रोश

रुद्रप्रयाग : सरकार द्वारा जिला पंचायतों में जिला पंचायत अध्यक्ष को प्रशासक नियुक्त करने पर कई निर्वतमान जिला पंचायत सदस्यों ने आक्रोश जताया है। कहा कि यह निर्णय पंचायती राज व्यवस्था के लिए गलत है। यदि इसी तरह की व्यवस्था करनी है तो ब्लॉक प्रमुख और प्रधानों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाए। निर्वतमान जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र बिष्ट ने कहा कि सरकार का यह फैसला पंचायती राज व्यवस्था के लिए पूरी तरह गलत है। कहा कि यदि इसी तरह की व्यवस्था अपनानी थी तो फिर ब्लॉक प्रमुख और ग्राम पंचायतों में भी प्रशासक जनप्रतिनिधियों को ही नियुक्त किया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि वे सरकार की इस व्यवस्था का पूरी तरह विरोध कर रहे हैं। निर्वतमान जिपं सदस्य विनोद राणा ने कहा कि सरकार अब पंचायती राज ऐक्ट के विरोध में भी काम कर रही है। ऐसा करने से पंचायती व्यवस्था को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। हमेशा जिला पंचायत में प्रशासक के रूप में जिलाधिकारी को ही जिम्मेदारी सौंपी जाती रही है, किंतु इस बार अध्यक्ष को यह जिम्मेदारी दी गई है। सरकार इसमें भी लाभ लेना चाहती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सूरज नेगी ने कहा कि इस तरह की व्यवस्थाएं पंचायती राज व्यवस्था के साथ ही ऐक्ट का उल्लंघन कर रही है। सरकार के इस फैसले का सभी विरोध कर रहे हैं। कहा कि यदि यही फार्मूला लागू करना था तो फिर ब्लॉक और ग्राम पंचायतों में अलग से प्रशासकों की तैनाती क्यों की गई है।

स्वास्थ्य शिविर में 160 लोगों ने कराई जांच

नई टिहरी : तीर्थनगरी देवप्रयाग में सुंदर लाल आत्माराम बाबुलकर महोत्सव अंतर्गत प्रसिद्ध वैद्य पं. नारायण दत्त डबराल की स्मृति में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। शिविर में कोलकाता से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों ने ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए दवाइयां व उचित परामर्श दिया।

ओमकारानन्द पब्लिक स्कूल देवप्रयाग में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 160 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मौके पर शिविर के आयोजक पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष प्रभाकर बाबुलकर, बदरीश पंडा पंचायत उपाध्यक्ष सुधाकर बाबुलकर, डॉ. अनूप मैती, डॉ. शैफाली रॉय, डॉ. तरुण मंडल, डॉ. फार्जन फिरदौस, डॉ. ध्रुव चौहान आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

महाविद्यालय छात्रों के हित के लिए वचनबद्ध : प्राचार्य

अजय शंकर ढौंडियाल बनें अभिभावक प्राध्यापक संघ के अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जयहरीखाल में मंगलवार को सत्र 2024-25 के लिए अभिभावक प्राध्यापक संघ (पीटीए) गठन सर्व सम्मति से किया गया। जिसमें अजय शंकर ढौंडियाल को अध्यक्ष, नरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, प्रकाश मोहन असवाल को सह सचिव व प्रदीप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।

शिक्षक और अभिभावकों की आम बैठक महाविद्यालय सभागार में आयोजित की गयी थी। बैठक में प्राचार्य प्रो. लवनी आर राजवंशी ने महाविद्यालय के शैक्षिक व अवस्थापना विकास पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय द्वारा विगत वर्षों में प्राप्त की उपलब्धियां के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय जयहरीखाल हर प्रकार से छात्र हित के लिए वचनबद्ध है। प्राचार्य ने नवगठित अभिभावक प्राध्यापक संघ कार्यकारिणी को बधाई देते हुए महाविद्यालय के विकास में पूर्ण सहयोग देने के लिए अनुरोध किया। नैक समन्वयक डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी ने आगामी नैक अनुश्रवण में अभिभावक प्राध्यापक संघ भूमिका को स्पष्ट किया। इस मौके पर नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय शंकर ढौंडियाल ने पीटीए की प्राथमिकताओं को बताया। कहा कि अभिभावक प्राध्यापक संघ महाविद्यालय के हित में काम करेगा।

डॉ. उमेश ध्यानी ने बैठक का संचालन किया। बैठक में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी उपस्थित रहे।

किशन राठी बनें थलीसैंण ब्लॉक अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : थैलीसैंण ब्लॉक की अनु. जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन की कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। कार्यकारिणी में किशन राठी को ब्लॉक अध्यक्ष, नरेन्द्र भारतीय को उपाध्यक्ष, अमर सिंह को मंत्री धनी राम निराला को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी विवेक पंवार ज्ञापन को दिया गया। उन्होंने संगठन के साथ मिलकर काम करने और शिक्षक हित को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने की बात की।एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि हमारा उद्देश्य संगठन को नई दिशा देना और शिक्षकों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करना है। नवनिर्वाचित पदाधिकारी इस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी शिक्षक अपनी पूरी क्षमता के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन करें, ताकि हम अपने समुदाय और समाज की सेवा में प्रभावी योगदान दे सकें। इस मौके पर वक्ताओं ने नई शिक्षा नीति 2020 पर भी अपने विचार साझा किए। कहा कि नई शिक्षा नीति में कई बदलावों से शिक्षा प्रणाली में समग्र सुधार होगा। यह नीति छात्रों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करती है और समाज के सभी वर्गों को समान अवसर प्रदान करती है। हमें इसे प्रभावी रूप से लागू करने के लिए मिलकर काम करना होगा, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य उज्जवल बन सके। इस अवसर पर मंत्री संजीव, उपाध्यक्ष हरीश चंद्र, ब्रह्मसंजय, ओम प्रकाश, पंकज निराला, मनोज कुमार ममतेश, मीरा टम्टा, नेहा, कुंदन लाल, सत्यपाल चंदन लाल, कैलाश कुमार, लोकेश, प्रशांत, सुरेश राही आदि मौजूद थे।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी

युवक गिरफ्तार

नई टिहरी : पुलिस ने थत्यूड़ थाना क्षेत्र में एक कार से 10 पेटी शराब और 7 पेटी बीयर बरामद की है। इस कार्य के लिए प्रयुक्त कार को पुलिस ने सीज किया है। थत्यूड़ के थानाध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि बीते सोमवार की देर शाम को सीआईयू टीम और थाना पुलिस ने डिग्री कॉलेज तिराहे पर आरोपी उपेंद्र सिंह पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम नेताला पट्टी बाड़ाहाट थाना मनेरी उत्तरकाशी हाल निवासी बालावाला रायपुर देहरादून की कार की चेकिंग की तो उसमें 10 पेटी शराब पकड़ी। आरोपी रिटायर्ड सैनिक है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस टीम में सीआईयू के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप चौहान, रविंद्र नेगी नरेश तोमर और अर्जुन दास शामिल रहे। (एजेंसी)

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

विभाग :	Electrical (TRD)
टेंडर न. :	T-15-TRD-MB-24-25
कार्य का नाम :	मुरादाबाद मण्डल के टी.एस.एस. एवं एस.एस.पी. के स्काडा सिस्टम के आर.टी.यू के 24 माह अवधि के लिए वार्षिक रख–रखाव का अनुबंध।
निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय :	24.12.2024, 15:00 hrs
कार्य की अनुमानित लागत (₹):	₹ 52,40,674.80/- (Incl. GST 18%)
बिड सिक्यूरिटी राशि (₹):	₹ 1,04,800/-
निविदा प्रपत्र मूल्य (₹):	NIL
ऑफर की वैधता (दिन):	60 Days
कार्य पूरा करने की अवधि:	24 Months
वेबसाइट एवं कार्यालय का पता	www.ireps.gov.in कार्यालय मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद

निविदा सूचना स०: Elect/TRD/MB/2024-25/TN-09 दिनांक 03.12.2024 3721/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एक नजर

नागरिक मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

नई टिहरी : नागरिक मंच ने मंगलवार को दो टाइम पानी देने की मांग को लेकर डीएम मयूर दीक्षित से मुलाकात की। नागरिक मंच की बैठक में हुए निर्णयों को लेकर उचित और ठोस कार्यवाही करने की मांग डीएम से की। विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को ज्ञापन भी सौंपा। नागरिक मंच ने मांगों व निर्णयों को सौंपे गये ज्ञापन में डीएम से कहा है कि परिवहन कार्यालय के भवन निर्माण तत्काल शुरू करवाया जाय। सम्भागीय परिवहन कार्यालय के लिए भूमि चयन की जानकारी पूर्व में दी गई, किंतु अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। तत्कालीन डीएम सचिन कुर्वे से नगर के लोगों को दो टाइम पानी देने की सहमित बनी थी। जिस पर आज तक अमल नहीं हो पाया है। नगर वासियों को दो टाइम शुद्ध पेयजल दिया जाय। जलकर के बिलों को लेकर भी समिति के निर्णय होने तक कार्यवाही न की जाय। जिला अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की आज तक नियुक्ति न होन पर कहा कि शहरवासियों को पर्याप्त चिकित्सा सेवा नहीं मिल पा रही है। टीएचडीसी से शवदाह घाट व यहां पर पर्याप्त लकड़ी की व्यवस्था करने, नगर के शौचालयों में पर्याप्त सफाई की व्यवस्था करवाने व नगर के मुख्य चौराहों पर फड़ों व ठेलियों को व्यवस्थित रूप से लगवाने की मांग की। डीएम को ज्ञापन सौंपने वालों में मंच के अध्यक्ष सुंदर लाल उनियाल, चंडी प्रसाद डबराल, जगजीत सिंह नेगी, यूएस नेगी, डा राकेश भूषण गोदियाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

पंचायतें विकास की पहली सीढ़ी

नई टिहरी : जिला पंचायत अध्यक्ष संगठन की प्रदेश अध्यक्ष सोना सजवाण ने सरकार के फैसले का आभार जताते हुए कहा कि पंचायतों के सशक्तिकरण के लिए सरकार द्वारा जिला पंचायत अध्यक्षों को बतौर प्रशासक नियुक्त करना एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज को धन्यवाद दिया, जिनकी पहल से पंचायतों को मजबूती मिली है। सोना सजवाण ने बताया कि 1 दिसंबर को जिला पंचायत का कार्यकाल समाप्त हो गया था, लेकिन सरकार ने अध्यक्षों को प्रशासक के तौर पर कार्य करने का मौका दिया है, जिससे पंचायतों के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पंचायतें विकास की पहली सीढ़ी होती हैं, और इनकी मजबूती के लिए राज्य और केंद्र सरकार लगातार प्रयास कर रही है।उन्होंने कहा कि अगले छह महीनों तक पंचायतों को प्रशासकों के हवाले किया गया है, और इस दौरान हम ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देंगे। समन्वय बनाकर पंचायतों की आय बढ़ाने, निर्माण कार्यों, सफाई और अन्य जरूरी कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। सोना सजवाण ने कहा कि इस फैसले के माध्यम से पंचायतों को और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा, और संगठन जल्द ही मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर सरकार का आभार व्यक्त करेगा। उन्होंने जिले के सभी लोगों से सहयोग की अपील करते हुए विकास में योगदान देने की बात कही। (एजेंसी)

नशा समाज के लिए अभिशाप

श्रीनगर गढ़वाल : अलकनंदा कमांडर टैक्सी समिति श्रीनगर में मंगलवार को नशा उन्मूलन पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में गढ़वाल मंडलीय नशा उन्मूलन नोडल अधिकारी अखिलेश चन्द्र चमोला ने कहा कि नशा हम सबके लिए एक अभिशाप है। जिसका समाज में आम प्रचलन हो चला है। हमारा लक्ष्य आम जनमानस को नशे से दूर करना है। नशे का सेवन करने से बचाव के साथ स्वस्थ और सकारात्मक शैली को प्राथमिकता देना है। बताया कि वास्तव में अगर हम अपने परिवार से प्यार करते हैं तो नशा करना हमें बिलकुल छोड़ देना चाहिए। मौके पर योगेन्द्र सिंह चौहान,अनुराग बर्त्वाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

गैरसैंण में प्रदर्शनकारियों ने हवन किया

चमोली,. रामलीला मैदान गैरसैंण में व्यापार संघ महामंत्री मुकेश ढौंडियाल का आमरण अनशन मंगलवार को भी जारी रहा। 20 नवंबर से लगातार यहां 14 सूत्रीय मांगों के लिए आमरण अनशन जारी है। इससे पूर्व व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र बिष्ट एवं पूर्व क्षेपंस सुरेन्द्र धीमन भी अनशन कर चुके हैं जिन्हें प्रशासन द्वारा खराब सेहत के कारण अनशन स्थल से उठाया जा चुका है। इस बीच मंगलवार को आंदोलनकारियों ने पंडित शंभू प्रसाद गैड़ी की मौजूदगी में बुद्धि शुद्धि हवन का आयोजन भी किया।

तहसील दिवस में दर्ज हुए शिकायतों का तत्काल निस्तारण करें : डीएम

विभिन्न गांवों में निर्माण कार्य कर रहे बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन करवाएं

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : आम जनमानस की समस्याओं के निस्तारण हेतु पौड़ी तहसील परिसर में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में 28 शिकायतें दर्ज हुई, जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अधिकतर शिकायतें लोनिवि, पीएमजीएसवाई, शिक्षा विभाग की रही। तहसील दिवस में अनुपस्थित रहे अधिकारियों का जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि छोटी-छोटी शिकायतों का संबंधित विभागीय अधिकारी अपने स्तर से उनका निस्तारण करें। जिससे लोगों को मुख्यालय के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस में जो शिकायतें दर्ज हुई हैं उनका तत्काल निस्तारण करते हुए आख्या प्रस्तुत करना सुनिश्चित करे। मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस में शिकायतकर्ता मनोज ने कल्जीखाल ब्लॉक के अंतर्गत विधायक निधि से बेड़गांव मोटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर एबीडीओ द्वारा कार्यों का भुगतान नहीं करने की शिकायत दर्ज की।

जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को जांच अधिकारी नामित करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। वहीं कमल रावत ने विकासखंड पौड़ी कार्यालय द्वारा ग्राम सभाओं के चुने हुए प्रतिनिधियों व हारे हुए सदस्यों की जमानत धनराशि का भुगतान नहीं करने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने जिला विकास अधिकारी को जांच करने के आदेश दिये। तहसील दिवस में शिकायतकर्ता प्रदीप नेगी की

पिनानी-गढ़गांव तल्ला मोटर मार्ग के चरगढ़ के पास ग्रामीणों द्वारा मुआवजा लेने के बाद भी अतिक्रमण की शिकायत पर जिलाधिकारी ने अतिक्रमण नहीं हटाये जाने व मार्ग का कार्य शुरू नहीं करवाने पर पीएमजीएसवाई एई का वतेन रोकने के निर्देश दिये। वहीं गणेश नेगी ने पीएमजीएसवाई द्वारा विगत चार माह से घोड़ीखाल-डूंगरी मोटर मार्ग को यातायात के लिए सुचारू नहीं किये जाने की शिकायत पर सहायक अभियंता के वेतन रोकने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने नगर पालिका पौड़ी को निर्देश दिये कि शहर में अनटैप्ड वाटर सोर्सेज को चिन्हित करें और उनका उपयोग में लाना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने खुले में शौचालय जाने की समस्या को खत्म करने और आम जनमानस के लिए बेहतर मॉडल के शौचालय बनाने पर जोर देने को कहा। साथ ही शिकायकर्ता कमल रावत द्वारा विकासखंड कोट के मंजेली-गैंडखाल मोटर मार्ग के खस्ताहाल होने की शिकायत दर्ज की।

तहसील दिवस में जगमोहन डांगी द्वारा ने कल्जीखाल ब्लॉक के अंतर्गत गांव के प्रवेश द्वारों पर उसी गांव के शहीद सैनिक का नाम दर्ज करने की मांग रखी। जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये। तहसील दिवस में डीएफओ गढ़वाल स्वप्निल अनिरूद्व, संयुक्त मजिस्ट्रेट दीपक रामचंद्र शेट, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, मुख्य कृषि अधिकारी विकेश कुमार यादव, अधिशासी अभियंता लोनिवि दिनेश बिजल्वाण, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एस.के. रॉय, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी करन सिंह रावत, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला पूर्ति अधिकारी अरुण वर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी खुशाल नेगी, तहसीलदार दीवान सिंह राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

डीएम ने किया पत्रावलियों का अवलोकन

पौड़ी : जिलाधिकारी तहसील दिवस समापन के बाद स्वयं विकासखंड कार्यालय पौड़ी पहुंचे जहां उन्होंने लेखाकार कक्ष में रखे पत्रावलियों का अवलोकन किया। उन्होंने जिला विकास अधिकारी को गहनता के साथ पत्रावलियों की जांच करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने कहा कि लेखाकार द्वारा वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

धूमधाम से मनाया विद्यालय का वार्षिकोत्सव

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल एकेश्वर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वार्षिकोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत चैधार प्रतिनिधि नरेन्द्र सिंह नेगी, जिला पंचायत सदस्य कोटा श्रीमती सीमा सजवाण, जयपाल सिंह रावत (छिपदू दा) ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों ने बहुत पसंद किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह नेगी और श्रीमती सीमा सजवाण ने मुख्य अतिथियों को सम्मानित करने के साथ बच्चों को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर मुख्य आकर्षण का केंद्र जयपाल सिंह रावत की मधुर और भावपूर्ण गढ़वाली कविताएं रहीं, साथ ही कक्षा 1 का छात्र तेजस द्वारा योगासन प्रस्तुति जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन शिक्षक आशीष डोबरियाल और अखिलेश जखमोला ने किया। इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष रामस्वरूप धस्माना, सदस्य सुनील रावत, धर्म सिंह, रंजना बडोला, कुलदीप किशोर जोशी, विपेंद्र सिसोदिया, संदीप शाह, शिक्षक राजेंद्र रावत, संजय कुमार, चंद्रमोहन रावत, दीपिका बडोला, प्रमिला बडोला सहित सोनम बिष्ट, भवदीप धस्माना आदि मौजूद थे।

डीएम ने तहसील दिवस में सुनी 35 शिकायतें

चमोली(आरएनएस)। जिलासू में मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने 35 फरियादियों की शिकायतें सुनी और कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया। अधिकांश शिकायतें प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़ी थीं, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। मंगलवार को आयोजित तहसील दिवस पर जन जिलासू, गिरसा, सरणा, मस्तगांव सहित अन्य गांवों के फरियादियों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, आवास और मुआवजा से जुड़ी समस्याएं रखीं। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी समस्याओं का त्वरित और समयबद्ध समाधान करें। इसके साथ ही सेमी–पनाई–मासौं मोटर मार्ग का अधूरा निर्माण, सड़कों के मलबे से आवासीय भवनों को नुकसान और मुआवजा वितरण जैसे मामलों पर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को सख्त हिदायत दी। ग्राम उतरों में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की शिकायतों पर जल संस्थान और जल निगम को समाधान के निर्देश दिए गए। साथ ही ऊर्जा निगम को झूलते विद्युत तारों को ठीक कराने के आदेश भी दिए।

राज्यपाल गुरमीत सिंह हुए उत्तरांचल विश्वविद्यालय देहरादून के दीक्षांत समारोह में शामिल

देहरादून। कुलाधिपति/ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) मंगलवार को उत्तरांचल विश्वविद्यालय देहरादून के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। दीक्षांत समारोह के दौरान उन्होंने छात्र–छात्राओं को स्वर्ण पदक, पीएचडी एवं स्नातक स्नातकोत्तर उपाधियां वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने सभी छात्र–छात्राओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्रों के लिए यह समय टर्निंग पॉइन्ट है, और आज का युवा बहुत ही शिक्षित है और जोश में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को नई ऊँचाइयों तक ले जाने के लिए युवा तैयार हो रहा है, और यह इस देश के लिए भी टर्निंग पॉइन्ट है। सभी छात्रों को अपने भीतर की शक्ति को पहचानना है, और अपनी शिक्षा को उत्कृष्टता तक पहुंचाना है। राज्यपाल ने मेडल पाने वालों में छात्राओं की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युग महिलाओं के लिए है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की बेटियां, पूरे विश्व में अलग हैं। उनकी कार्यक्षमता और सहनशीलता अलग ही स्तर की है। राज्यपाल ने सभी छात्र–छात्राओं से समय की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नई तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मेटावर्स और रोबोटिक्स की दिशा में विशेष फोकस करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपनी शिक्षा को विशेषज्ञता के स्तर तक ले जाना है।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने ली गौसदनों के निर्माण के सम्बन्ध में बैठक

देहरादून। उत्तराखण्ड में निराश्रित गोवंशीय पशुओं को गोद लेने वालों को दिया जाने वाले मानदेय देशभर के अन्य राज्यों की अपेक्षा सर्वाधिक है। यह प्रतिदिन 80 रुपये प्रति पशु है। इसके बावजूद आमजन को सड़कों पर निराश्रित गौवंशीय पशुओं की समस्या से पूरी तरह से निजात दिलवाने को लेकर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिव शहरी विकास को नगर पालिकाओं द्वारा प्रत्येक माह शहरी क्षेत्रों में सड़कों में पाए जाने वाले निराश्रित गौवंशीय पशुओं की संख्या की समीक्षा, मॉनिटरिंग एवं उन्हें गौसदनों में भेजने की पुख्ता व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

सचिवालय में आयोजित उत्तराखण्ड एनिमल वेल्फेयर बोर्ड की गौसदनों के निर्माण से सम्बन्धित बैठक में सीएस राधा रतूड़ी ने शहरी विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों स्थापित किए जाने वाले 36 गौसदनों के निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शहरी विकास विभाग द्वारा राज्य के 13 जिलों में 36 गौसदनों हेतु भूमि चिन्हित कर ली गई है तथा 13 गौसदनों का निर्माण कार्य जारी है। मुख्य सचिव ने पंचायती राज विभाग को राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले 26 गौसदनों के निर्माण कार्य को भी शीघ्र आरम्भ करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए विभाग को मिसिंग लिंक के माध्यम से 10 करोड़ की धनराशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इस सम्बन्ध में पंचायती राज विभाग द्वारा भूमि चिन्हीकरण का कार्य पूरा किया जा चुका है।

बेसहारा गौवंशीय पशुओं की समस्या के दीर्घकालीन समाधान में आधुनिक तकनीकी व आईटी के उपयोग पर बल देते हुए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के सभी गौवंशीय पशुओं की अनिवार्य जियोटैगिंग के साथ ही इस सम्बन्ध जल्द लॉन्च होने वाले ऐप एवं डैशबोर्ड में प्रत्येक गौवंशीय पशु की आयु, चिकित्सा व अन्य जानकारी से सम्बन्धित डाटा एनालिसिस के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निराश्रित पशुओं की देखभाल में गौसेवक योजना को महत्वपूर्ण बताया तथा इसके अधिकाधिक विस्तार के निर्देश दिए हैं।

निर्माणधीन एवं पहले से ही संचालित गौसदनों के संचालन एवं रखरखाव की निरन्तर मॉनिटरिंग की सख्त हिदायत देते हुए मुख्य सचिव रतूड़ी ने गौसदनों में गौवंश हेतु चारा, भूसा, प्रकाश, चिकित्सा, सुरक्षा एवं दवाईयों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देश दिए हैं।

डबल जाति प्रमाण पत्र पर शासन की हां न का इंतजार

देहरादून। जल निगम में सहायक अभियंता पद पर भर्ती के दौरान दो– दो राज्यों से बने जाति प्रमाण पत्र मामले में पिछले दो साल से चल रही जांच पूरा होने का नाम नहीं ले रही है। अब इस मामले में जल निगम मैनेजमेंट को कार्रवाई से पहले शासन की हां न का इंतजार है। जल निगम में 2014 सहायक अभियंता पद पर भर्ती के लिए आवेदन करने के दौरान यूपी बिजनौर से बना जाति प्रमाण पत्र जमा कराया गया। चयन होने के बाद ज्वाइनिंग के समय पौड़ी गढ़वाल से बनाया गया जाति प्रमाण पत्र जमा कराया गया।

उस दौरान किसी भी स्तर से ये नहीं देखा गया कि आवेदन के दौरान और नियुक्ति के समय अलग अलग जाति प्रमाण पत्र कैसे जमा कराए गए। बाद के वर्षों में शिकायत होने पर इस पूरे मामले की जांच शुरू हुई। विभागीय जांच में भी पाया गया कि जाति प्रमाण पत्र दो दो स्थान से बनाया गया है।

विज्ञान नाटिका में रापूमावि ग्वीठगांव ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैंण : समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रायोजित, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत् ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव (एलीमेंट्री स्तर) का आयोजन अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैण में किया गया। विज्ञान नाटिका में प्रथम स्थान राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय ग्वीठगांव, द्वितीय स्थान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पाटुली एवं तृतीय स्थान राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सलोन ने प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी संकुल के पांच जूनियर विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की शुरुआत मुख्य अतिथि वीरेंद्र दत्त गोदियाल समलोण संस्था के संस्थापक ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात छात्राओं ने सरस्वती वन्दना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। ब्लॉक विज्ञान समंवयक एवं स्थल संयोजक आरएस रावत प्रवक्ता जीव विज्ञान ने छात्र-छात्राओं में

वैज्ञानिक सोच विकसित करने हेतु ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी के लिए छात्रों द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार किये गए मॉडलों का मूल्यांकन निर्णायको द्वारा किया गया। निर्णायकों में कमलेश कुकरेती गणित अध्यापक, श्रीमती निशुल् सैनी प्रवक्ता भौतिक विज्ञान एवं पदमेंद्र रौथान रहे। विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता में छात्रों द्वारा अच्छे ज्ञान वर्धक संदेश के साथ नाटिका प्रस्तुत की गई। इस मौके पर विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीपी भेटवाल ने किया।

जिले में 5265 दिव्यांगजनों के बनाए गए यूडीआईडी कार्ड

चमोली : मंगलवार को जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र चमोली द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विश्व दिव्यांग दिवस की अंतर्राष्ट्रीय थीम सशक्तिकरण, समावेश और समानता की ओर कदम दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके कल्याण के प्रति जागरूकता फैलाएं, समाज में उनकी भागीदारी सम्मान सुनिश्चित करें, विषय पर विचार व्यक्त किए गए। वहीं इस दौरान 5 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला चिकित्सालय के सीएमएस अनुराग धनिक ने दिव्यांग दिवस पर दिव्यांगजनों को बधाई देते हुए सरकार द्वारा दिव्यांगजनों हेतु संचालित योजनाओं की जानकारी एवं लाभ लेने की बात कही। उन्होंने बताया

कि जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा समय-समय पर दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिला दिव्यांग केन्द्र के काउंसलर अरविंद बिष्ट ने दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी दिव्यांगजनो को अपना यूडीआईडी कार्ड बनाना है जिससे उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि जिले में 5265 दिव्यांगजनों के यूडीआईडी कार्ड बनाए गए हैं। पुनर्वास केन्द्र के द्वारा दिव्यांगजनों को स्वरोजगार ऋण, व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ-साथ सहायक उपकरण वितरित किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

जल्द बढ़ाया जाए निगमों का महंगाई भत्ता

देहरादून। निगमों के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता न बढ़ाए जाने पर राज्य निगम कर्मचारी महासंघ ने सख्त नाराजगी जताई। महासंघ ने जल्द जुलाई महीने से बढ़े हुए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ देने को दबाव बनाया। इसके साथ ही निगमों के कर्मचारियों की अन्य मांगों को भी जल्द पूरा किए जाने की मांग की।

महासंघ अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटी ने मुख्य सचिव को भेजे पत्र में कहा कि राज्य कर्मियों को दीवाली से पहले ही बढ़े हुए तीन प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ मिल गया था। निगमों के कर्मचारियों के मामले में अभी भी आदेश नहीं हुआ है। इसे लेकर कर्मचारियों में नाराजगी है।

सतत संघर्ष करने से परिणाम अपेक्षा के अनुसार मिलते हैं : कपिल परमार

देहरादून। मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में पैरा ओलंपिक जूडो कांस्य पदक विजेता कपिल परमार ने मसूरी इंटरनेशनल स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगज दिवस पर प्रेरणादायक संबोधन देकर छात्राओं को प्रोत्साहित किया। कहा कि सतत संघर्ष करने से परिणाम अपेक्षा के अनुसार मिलते हैं।

मसूरी इंटर नेशनल स्कूल पहुंचे कपिल परमार ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर कहा कि हमें विश्व स्वास्थ्य संगठन और वैश्विक समुदायों के साथ मिलकर दिव्यांग व्यक्तियों के नेतृत्व को सशक्त बनाया जाना चाहिए। ताकि एक समावेशी और सतत भविष्य के लिए कार्य किया जा सके। इस अवसर पर स्कूल ने बतौर मुख्य अतिथि पैरा ओलंपिक कास्य पदक विजेता कपिल का स्कूल पहुचने पर भव्य स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में जन्मे और भारत के पहले पैरा–जूडो कांस्य पदक विजेता, कपिल परमार ने अपने जीवन के संघर्ष और सफलता की प्रेरक कहानी साझा की। उन्होंने 2024 पेरिस पैरालंपिक खेलों में 60 किग्रा जे1 वेट कैटेगरी में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके साथ ही, उनकी उपलब्धियों में 2023 बर्मिंघम वर्ल्ड गेम्स में कांस्य, 2019 कॉमनवेल्थ चौंपियनशिप और 2023 एलेक्जेंड्रिया ग्रैंड प्रिक्स में स्वर्ण, और 2022 हांगझू एशियन पैरा गेम्स में रजत पदक शामिल हैं।

जिलासू में हुआ तहसील दिवस का आयोजन

चमोली। जन समस्याओं और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में जिलासू में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। तहसील दिवस में 35 फरियादी अपने गांव क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न शिकायतों को लेकर पहुंचे। जिनमें से अधिकांश शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील और जिले की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान किया जाए और जो प्रकरण शासन स्तर पर लंबित है, उनको परस्यू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आम जनता की शिकायतों को गंभीरता ले और समयबद्ध उसका निस्तारण करें। तहसील दिवस में पीएमजीएसवाई से जुड़ी अधिकांश शिकायतों को देखते हुए जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी। कहा कि जन समस्याओं का शीघ्र समाधान न किया गया तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

तहसील दिवस में जिलासू, गिरसा, ऐरास, सरणा, जिलोठी, उतरौं, सेम, मस्तगांव, काण्डई, आली, झिरकोटी आदि गांवों से पहुंचे फरियादियों ने सड़क, पेयजल, विद्युत, आवास, मुआवजा, सहायता राशि एवं रेल विकास निगम से जुड़ी विभिन्न समस्याएं और शिकायतें रखी। सेमी–पनाई–मासौं मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कई वर्षो से पूर्ण न होने तथा सड़क

के मलबे से आवासीय भवन को क्षति होने, सडक की नालियां और स्कवर क्षतिग्रस्त होने, जिलासू–आली मोटर मार्ग का काम पूर्ण न होने, पैंणी–कुजासू मोटर मार्ग पर भूमिधरों को मुआवजा न मिलने और ग्राम रानौं से बॉजी–गैठला–खैड़ी–खुनीगाड मोटर मार्ग निर्माण हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए भूमि चयन न होने और रेल विकास निगम के कायो से आवासीय भवनों को बने खतरे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने पीएमजीएसवाई,लोनिवि और आरवीएनएल को तत्काल मौका मुआयना करते हुए समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम उतरों में पेयजल आपूर्ति न होने, क्वींठी काण्डा पेयजल योजना का कार्य पूर्ण न होने, रानौं गांव में पेयजल आपूर्ति की समस्या पर जल संस्थान एवं जल निगम को शीघ्र शिकायतों का निराकरण करने और उतरों गांव के विभिन्न तोकों में विद्युत के झूलते तारों को ठीक कराने के निर्देश दिए। जल संस्थान के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जिलासू पेयजल योजना के तहत 104 परिवारों में 29 कनेक्शन पहले से थे और 75 नए कनेक्शन लगाए गए है। पेयजल योजना के पहले चरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और दूसरे चरण में 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो गया है। जिसमें गांव के तीन पेयजल टैंक बनाए गए है। ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल परियोजना के कार्य से सिंवाई में पंचायत भवन, मंदिर एवं प्राचीन जल स्त्रोत क्षतिग्रस्त होने, ग्राम कोलडा में भूमिधरों को अंशदान की राशि का भुगतान न किए जाने की शिकायत पर परियोजना के अधिकारियों को शीघ्र क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों का मुआवजा धनराशि का वितरण करने के निर्देश दिए। दैवीय आपदा से शरणा में क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा न मिलने पर एसडीएम को जांच कर आपदा में प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com